संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 229
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
गुरुवार 22 अक्टूबर 2026


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



पुलिस स्मृति दिवस पर सीएम योगी का संदेश-

नए यूपी में कानून से ऊपर कोई नहीं

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि नए उत्तर प्रदेश में कानून से ऊपर कोई नहीं है और पुलिस को अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने की मिली स्वतंत्रता के कारण प्रदेश उपद्रव से उत्सव का प्रदेश बन पाया है। योगी आदित्यनाथ ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर एक्स पर एक संदेश साझा कर कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा, ष्आज पुलिस स्मृति दिवस पर मैं उन सभी वीर पुलिसकर्मियों को कृतज्ञतापूर्वक नमन करता हूं जिन्होंने देश की सुरक्षा, समाज की शांति और नागरिकों के जीवन की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। कर्तव्य की वेदी पर अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर पुलिसकर्मियों का



शौर्य, साहस और समर्पण हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा, 2017 से पहले प्रदेश में माफिया का राज था। उस समय अराजक तत्वों के हौसले इतने बुलंद थे कि मथुरा के जवाहर बाग में कानून की रक्षा करते हुए वीर पुलिस अधिकारियों को अपने प्राणों का बलिदान देना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा, नए उत्तर प्रदेश में कानून से ऊपर कोई नहीं है। प्रदेश उपद्रव से उत्सव का प्रदेश बना है और पुलिस को अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने की स्वतंत्रता मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2.26 लाख से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती, प्रशिक्षण क्षमता में 10 गुना वृद्धि, सात बड़े शहरों में पुलिस आयुक्त

● बोले उपद्रव से उत्सव का प्रदेश बना उत्तर प्रदेश

प्रणाली लागू करने, प्रत्येक जिले में साइबर थाने और हर थाने में महिला सहायता कक्ष स्थापित करने से पुलिस व्यवस्था अधिक सक्षम, आधुनिक और जवाबदेह बनी है। योगी ने कहा कि गैंगस्टर अधिनियम के तहत 88,973 अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई और 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त करना अपराध और अपराधियों के विरुद्ध सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर पुलिसकर्मियों के बलिदान और उनके परिवारों के त्याग को सदैव स्मरण रखते हुए प्रदेश को सुरक्षित, न्यायपूर्ण और भयमुक्त बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे।

दिसंबर 2029 तक देश को नशे की समस्या से मुक्त करने का लक्ष्य : शाह

नयी दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आने वाली पीढ़ियों को नशे की समस्या से मुक्त कराने तथा देश विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने 31 दिसंबर 2029 तक देश को नशे की समस्या से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए वर्ष 2026 के शेष समय और 2027, 2028 तथा 2029 में पुलिस बलों को मिलकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। श्री शाह ने बुधवार को यहां पुलिस स्मृति दिवस पर राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देने के बाद यह बात कही। इस मौके पर उन्होंने नशे के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए देशव्यापी मोटरसाइकिल रैली को भी रवाना किया। उन्होंने कहा कि



नशे की समस्या आने वाली पीढ़ियों को कमजोर करती है, अर्थव्यवस्था पर बोझ डालती है और देश विरोधी गतिविधियों में लगे संगठनों को आर्थिक मदद भी पहुंचाती है। उन्होंने देशभर के पुलिस बलों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तैयार 'नशा मुक्त भारत' की योजना को जमीन पर उतारने और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित करने का आह्वान किया। गृह मंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 भारतीय पुलिस के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 को देश को दशकों पुरानी नक्सल समस्या से मुक्ति मिली। वर्ष 1981 से मार्च 2026 के बीच नक्सलवाद के कारण 3,600 से अधिक जवान शहीद हुए और करीब 13,700 निर्दोष नागरिकों की जान गई। उन्होंने कहा कि देश आज विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, तो इसकी नींव में शहीद जवानों का बलिदान है। उन्होंने कहा कि कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अब शांति और विकास का माहौल बना है। कश्मीर में आतंकवाद पर काबू पाने में काफी सफलता मिली है, जबकि समझौतों के बाद पूर्वोत्तर में भी शांति का रास्ता खुला है। नक्सलवाद को समाप्त करने में पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने खास तौर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), कोबरा बटालियन और छत्तीसगढ़ पुलिस की बहादुरी का उल्लेख किया।

एसबीआई के कई ग्राहकों के निजी डाटा डार्क वेब पर लीक

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के कई ग्राहकों के निजी डेटा डार्क वेब पर लीक होने की जानकारी सामने आई है। सार्वजनिक क्षेत्र के देश के सबसे बड़े ऋणदाता ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि उसके करीब पौने चार लाख ग्राहकों के डाटा उपलब्ध थे जिनमें 3,800 से अधिक खातों के निजी डेटा लीक होने की पुष्टि हो चुकी है। बैंक द्वारा जारी अपडेट के अनुसार, 16 अक्टूबर 2026 को उसे अपने श्थ्रेट इंटेलिजेंस सर्विस प्रोवाइडरश, श्डिफेंस साइबर एजेंसीश और श्सीईआरटी–इनश से एक अलर्ट मिला।

मोदी ने पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी

नयी दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री श्री मोदी नागरिकों की रक्षा और जन सुरक्षा बनाए रखने के लिए उनके समर्पण के लिए आभार जताया और देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वालों के साहस और बलिदान का सम्मान किया। श्री मोदी ने श्एक्सश्श पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा कि पुलिस स्मृति दिवस उन पुलिसकर्मियों के समर्पण को पहचानने का मौका देता है, जो मुश्किल हालात में अपनी ज़िम्मेदारियां निभाते हैं।

जौनपुर में 22 व 23 अक्टूबर को एमएलसी के चुनाव के लिये कलेक्ट्रेट के सभी न्यायालय रहेंगे बंद

जौनपुर, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में जौनपुर के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने बताया कि जिले में उत्तर प्रदेश विधान परिषद वाराणसी खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान 23 अक्टूबर को होना नियत है। इसलिए 22 और 23 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट के समस्त न्यायालय को बंद कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कलेक्ट्रेट में सभी न्यायालय कक्षों को निर्वाचन में मतदेय स्थल बनाया गया है।

राहुल गांधी विदेश से तख्तापलट की कोचिंग लेने गए : संबित पात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीजेपी नेताओं के विरोध प्रदर्शनों को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। भाजपा ने बार–बार विरोध प्रदर्शनों को लेकर सवाल उठाया और आरोप लगाया कि देश में इन प्रदर्शनों के दम पर तख्तापलट की साजिश रची जा रही है। भाजपा ने राहुल गांधी के विदेश दौरे पर भी सवाल उठाए और कहा कि राहुल गांधी विदेश में तख्तापलट की कोचिंग लेने गए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि कुछ दिनों से देश में ऐसा माहौल बनाया गया कि कुछ लोग देश का तिरंगा फहराना चाहते हैं, लेकिन भारत की सरकार कितनी तानाशाही है कि इन लोगों को तिरंगा फहराने से रोक रही है। आज आशुतोष रांका और सौरव दास की ज्यूडिशियल कस्टडी पर दिल्ली हाईकोर्ट में जो सुनवाई हुई, उसे देश के लोगों को जानना चाहिए। रांका और दास ने बॉन्ड भरा था कि वे ऐसा कुछ नहीं करेंगे, जिससे अशांति फैले, लेकिन निकलने के कुछ घंटे के बाद ही उन्होंने



अपने पीस बॉन्ड को तोड़ा। वे जो विक्टिम कार्ड लेकर घूम रहे थे, वो आज दिल्ली हाईकोर्ट के सवालों से तार–तार हो गया।श संबित पात्रा ने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट ने सीजेपी नेताओं से पूछा कि वे बार–बार विरोध प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं? जज ने कहा कि आपने पहले जिस कारण के लिए प्रदर्शन किया वो खत्म हो चुका है तो फिर अब अलग–अलग कारणों के लिए प्रदर्शन क्यों किया जा रहा है? पात्रा ने कहा श्बार–बार विरोध प्रदर्शन का क्या मकसद है, ये विपक्षी नेता अपने बयानों से बता चुके हैं और वो है सत्ता परिवर्तन। उसके लिए हिंसा भी करनी पड़े, इसके समर्थन में भी कई नेता उतर आए हैं। संबिता पात्रा ने कहा कि संजय राउत ने अल्बानिया की जलती हुई संसद की तस्वीरें दिखाई। उनका कहना था कि भारत में भी ऐसा होना चाहिए। संजय राउत ने कहा है कि राहुल गांधी विदेश गए हैं और उनके आने के बाद देखिए क्या होता है। पात्रा ने कहा कि श्इनके सरगना राहुल गांधी विदेश गए हैं। वो कोचिंग क्लास लेने गए हैं सोरोस एंड कंपनी से किस प्रकार से देश में सत्ता परिवर्तन किया जाए। कहां उनसे चूक रह गई। कोशिश तो पूरी की थी लेकिन देश के लोगों ने साथ नहीं दिया। संबित पात्रा ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने विजयदशमी की रैली में कहा कि हमें देश के दुश्मनों से सावधान रहने की जरूरत है।

राहुल गांधी की विदेश यात्रा पर बोले थरूर, कहा-मैं ट्रैवल एजेंट हूं क्या?

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने राहुल गांधी की विदेश यात्रा को लेकर पूछे गए सवाल पर दो टूक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह कोई ट्रैवल एजेंट नहीं हैं, इसलिए उनसे यह पूछना ठीक नहीं है कि राहुल गांधी



विदेश क्यों गए हैं। दरअसल, इन दिनों दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को लेकर विपक्ष का विरोध–प्रदर्शन चल रहा है। इसी बीच राहुल गांधी के विदेश जाने पर सवाल उठ रहे हैं। राहुल गांधी की विदेश यात्रा को लेकर भारतीय जनता पार्टी लगातार कांग्रेस पर निशाना साध रही है। भाजपा का आरोप है कि दिल्ली में विरोध–प्रदर्शनों के दौरान बार–बार झूठ बोलने के बाद राहुल गांधी छुट्टियां मनाने विदेश चले गए हैं।

सेंगोल बनाने वाले वुम्मिदी एथिराजुलु का निधन, पीएम मोदी और तमिलनाडु के राज्यपाल ने जताया शोक

चेन्नई, एजेंसी। भारत की आजादी के समय ऐतिहासिक सेंगोल के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले वुम्मिदी एथिराजुलु का निधन हो गया है। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शोक व्यक्त किया है। बता दें कि इनके परिवार ने ही संसद में स्थापित किए गए 'सेंगोल' को 75 साल पहले बनाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, तिरु वुम्मिदी एथिराजुलु के निधन से गहरा दुख हुआ। तमिलनाडु के एक प्रतिष्ठित परिवार से आने वाले एथिराजुलु को उनके द्वारा पूर्व पीएम नेहरू को भेंट किए गए ऐतिहासिक



सेंगोल के लिए याद किया जाएगा। कई साल बाद 2023 में केंद्र सरकार को नए संसद भवन में सेंगोल को गौरव का स्थान देने का सम्मान मिला। उस दौरान मुझे तिरु वुम्मिदी एथिराजुलु से मिलने और राष्ट्र और संस्कृति के लिए उन्होंने जो किया है, उसके लिए आभार व्यक्त करने का सम्मान मिला। पीएम मोदी ने लिखा, उनका जीवन और शिल्प कौशल भारत की गौरवशाली परंपराओं और हमारी राष्ट्रीय यात्रा के बीच एक उल्लेखनीय संबंध का प्रतिनिधित्व करता है। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदना। ओम शांति। तमिलनाडु राजभवन (लोकभवन) की ओर से भी शोक संदेश जारी किया गया। तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा, तिरु वुम्मिदी एथिराजुलु, जिन्होंने 1947 में 20 साल की छोटी उम्र में पवित्र सेंगोल के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी, का निधन हो गया है। सेंगोल के निर्माण में उनका योगदान, जो भारत की सभ्यतागत विरासत, धर्मपूर्ण शासन और स्वतंत्रता की शुरुआत में सत्ता हस्तांतरण का एक कालातीत प्रतीक है, हमेशा श्रद्धा और गर्व के साथ याद किया जाएगा।

पीएम-दक्ष योजना लागू करने में नाकामी का आरोप: जयराम रमेश का पीएम पर निशाना, कहा-

अब झोला उठाने का वक्त आ गया

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर पीएम–दक्ष योजना को लागू करने में कथित खामियों को लेकर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि जो सरकार एक योजना को भी प्रभावी ढंग से लागू नहीं कर सकती, उसे सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। विपक्षी पार्टी ने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी सरकार की विदाई की तारीख करीब आ गई है और अब झोला उठाने का वक्त आ गया है। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने मीडिया की एक खबर का स्क्रीनशॉट साझा किया। इसमें दावा किया गया था कि प्रधानमंत्री दक्षता और कुशलता संपन्न हितग्राही (पीएम–दक्ष) योजना को लागू करने में गंभीर खामियां सामने आई हैं। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों,



विमुक्त और घुमंतू जनजातियों तथा सफाई कर्मचारियों सहित पात्र लोगों को कौशल प्रशिक्षण देना है, ताकि उनके लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकें। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर हिंदी में लिखा, ष्नाम बड़े और दर्शन छोटे! योजना प्रधानमंत्री के नाम पर है, लेकिन जमीन पर इसके नतीजे भी उनके दावों की तरह पूरी तरह शून्य हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार का असली एजेंडा बड़े–बड़े विज्ञापन देना, सुर्खियों को अपने हिसाब से संभालना और जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं करना है। रमेश ने कहा कि पीएम–दक्ष योजना को दो साल तक लागू नहीं किया जाना और पिछले वर्षों में आवंटित बजट का इस्तेमाल नहीं होना, मोदी सरकार की एक और बड़ी नाकामी को उजागर करता है। उन्होंने दावा किया कि वंचित वर्गों को कौशल, प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर देने के उद्देश्य से शुरू की गई इस योजना को केंद्र सरकार ने महज कागजी कार्रवाई तक सीमित कर दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा, जो सरकार एक योजना को भी प्रभावी ढंग से लागू नहीं कर सकती, जिसका नाम खुद प्रधानमंत्री के नाम पर है और जिसे बड़े–बड़े दावों के साथ शुरू किया गया था, उसे सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। रमेश ने कहा, ष्पीएम मोदी, आपकी सरकार ने लोगों का भरोसा खो दिया है। इसकी विदाई की तारीख करीब है। झोला उठाने का वक्त आ गया है। मोदी सरकार आखिर कब तक जेन–जी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करती रहेगी? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के 240 सीटों पर सिमटने के बाद मोदी सरकार अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों और विमुक्त, घुमंतू तथा अर्ध–घुमंतू जनजातियों से बदला ले रही है?

खरगे ने पीएम मोदी पर कसा तंज, कहा-

विपक्ष के सवालों का खुद क्यों नहीं देते जवाब ?

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को भाजपा पर निशाना साधा। दरअसल, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने परिसीमन संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग को लेकर खरगे को पत्र लिखा था। इस पर ही खरगे ने कहा कि किरेन रिजिजू को उतना ताकत नहीं दी गई है। उनका इस्तेमाल सिर्फ एक मोहरे की तरह किया जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए खरगे ने कहा,श्उन्हें (किरेन रिजिजू को) उतनी ताकत नहीं दी गई है। उनका इस्तेमाल सिर्फ एक मोहरे की तरह किया जा रहा है, ठीक वैसे ही जैसे वे ज्ञानेश कुमार का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसी तरह, वे रिजिजू का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। वे (प्रधानमंत्री मोदी) खुद किसी को



जवाब नहीं देते। हम उन्हें पत्र लिखते हैं, और वे किसी और से उसका जवाब तैयार करवाते हैं। इसका क्या मतलब है? वे विपक्ष के नेताओं का अपमान कर रहे हैं। खरगे ने आगे कहा, वे सभी विपक्षी दलों का अपमान कर रहे हैं। और वे (प्रधानमंत्री) जवाब क्यों नहीं देते? आपको जवाब देना चाहिए। हम जो कहते हैं, उस पर आपको ध्यान देना चाहिए। क्या आप कानून से ऊपर हैं? क्या आप संविधान से ऊपर हैं? आप 543 सांसदों में से एक हैं, और उनमें आप नंबर एक पर हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप जो चाहें, वह कर सकते हैं। इसके बाद वे कहते हैं कि अगर आपने मन बना ही लिया है कि आप मनमानी करेंगे और तानाशाही दिखाएंगे, तो इस देश की जनता चुप नहीं बैठेगी। वे आपको सत्ता से हटा देंगे और आपकी विचारधारा को ही जड़ से खत्म कर देंगे। आज दशहरा है, जो एक बहुत महत्वपूर्ण दिन है। मैं साफ–साफ कह देना चाहता हूं। अगर उन्होंने ये हथकंडे नहीं छोड़े और अब तक की गई गलतियों को नहीं सुधारा, तो जनता पक्का उन्हें सजा दिलाएगी। रिजिजू ने अपने पत्र में बताया कि खरगे ने 16 अक्तूबर 2026 को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर परिसीमन संशोधन विधेयक को संसद में विचार के लिए लाए जाने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की थी। इसके जवाब में रिजिजू ने सरकार की ओर से विपक्ष के साथ हुई बातचीत और पत्राचार का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार इस विधेयक पर विपक्ष का समर्थन और सहयोग मांगती रही है। पत्र में उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार संसद में चर्चा और विचार–विमर्श के लिए तैयार है।

संपादकीय

बच्चे और इंटरनेट

ऐसे दौर में जब आस्ट्रेलिया–फ्रांस व अन्य विकसित देशों में सोशल मीडिया तक बच्चों की पहुंच सीमित करने के कानून बने हैं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बच्चों की इंटरनेट तक पहुंच उनका मौलिक अधिकार है। इस पर प्रतिबंध लगाना अनुचित है। कोर्ट ने माना कि इंटरनेट तक पहुंच और इस्तेमाल करने का अधिकार, संविधान के अनुच्छेद 21 के साथ–साथ अनुच्छेद 19(1) (ए) के तहत निर्धारित 'वाकध् और अभिव्यक्ति की आजादी ' में ही निहित है। दरअसल, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी चंद्रन की पीठ इंटरनेट के जरिये बच्चों के शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़ी सामग्री का पता लगाने और उसे हटाने के उपायों पर विमर्श कर रही थी। इसी बीच कई देशों द्वारा एक निर्धारित उम्र तक के बच्चों की सोशल मीडिया तक पहुंच सीमित करने का मामला सामने आया। भारत में भी इस तरह के प्रतिबंध लगाने की मांग की जा रही है। अदालत का मानना था कि हम बच्चों से जुड़ी ऐसी चिंताओं को स्वीकार करते हैं, लेकिन इंटरनेट पर प्रतिबंध इसका न्यायोचित विकल्प नहीं है। शीर्ष अदालत ने माना कि इस माध्यम से बच्चों को दूर रखकर हम उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते। अदालत का तर्क था कि बच्चों की आजादी और सुरक्षा एक दूसरे के खिलाफ नहीं है, बल्कि उन्हें दोनों ही चीजें मिलनी चाहिए। अदालत का मानना था कि नई पीढ़ी के बच्चों के लिये इंटरनेट सीखने का माध्यम भी है। दूरदराज के इलाकों में जानकारी पाने का एकमात्र जरिया होता है। वहीं दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट ने इस बात का गंभीरता से संज्ञान लिया कि देश में नाबालिगों से जुड़ी अश्लील सामग्री रोकने में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लापरवाही दिखा रहे हैं। अदालत का मानना था कि सभी हितधारक यह सुनिश्चित करें कि बच्चों को हानि पहुंचाने वाली कोई भी सामग्री प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से उपलब्ध न हो सके। यह सामग्री न अपलोड की जाए और न ही उसे प्रोत्साहन दिया जाए। कोर्ट ने इस बात को लेकर भी नाराजगी जतायी कि मध्यस्थों व सोशल मीडिया मंचों ने वर्ष 2024 में जारी किए गए कोर्ट के निर्देशों का ईमानदारी से पालन नहीं किया। साथ ही पीठ का मानना था कि आज इंटरनेट शिक्षा, सूचना और सामाजिक भागीदारी का एक सशक्त माध्यम बना है। ऐसे में यदि प्रतिबंध लगाए जाते हैं तो वे निष्प्रभावी होंगे, बल्कि नुकसान पहुंचाने वाले भी हो सकते हैं। इसका नुकसान यह हो सकता है कि बच्चे ऐसी ऑनलाइन जगहों को सर्च करना शुरू कर सकते हैं, जो नियम–कानून कम होने की वजह से ज्यादा घातक हो सकती हैं। यह भी स्पष्ट किया गया कि उसकी टिप्पणी का यह अर्थ नहीं निकाला जाए कि उम्र के आधार पर कोई पाबंदी नहीं होनी चाहिए। पीठ के मुताबिककृहमारी धारणा है कि ऑनलाइन सुरक्षा के लिये कुछ सुरक्षा उपाय होने जरूरी हैं। अभिभावकों के पास उपलब्ध सामग्री की निगरानी की भी व्यवस्था होनी चाहिए। इसके अंतर्गत ऐसी व्यवस्था हो सकती है, जिसमें माता–पिता के मार्गदर्शन,सहमति और निगरानी में बच्चे सोशल मीडिया मंचों का उपयोग कर सकें।

पूछेंगी नेहा- अदालत में कौन बा?

डॉ. दीपक पाचपोर

यूपी में का बा, जैसे चुटीले गीतों से सत्तातंत्र को आईना दिखाने वाली लोकप्रिय गायिका नेहा सिंह राठौर को लेकर एबीपी न्यूज चौनल के डिजीटल प्लेटफार्म पर एक खबर चलाई गई।

देश में पत्रकारिता के मूल्यों को कितने नीचे गिरा दिया गया है यह तो देश पिछले डेढ़ दशकों से देख ही रहा है, लेकिन अपनी स्वतंत्र आवाज, अंतरात्मा, ईमान सब बेचकर भी क्या खबर बेचने वालों का पेट नहीं भरा है, जो अब वे महिलाओं का चरित्रहनन पर उतर आए हैं। यूपी में का बा, जैसे चुटीले गीतों से सत्तातंत्र को आईना दिखाने वाली लोकप्रिय गायिका नेहा सिंह राठौर को लेकर एबीपी न्यूज चौनल के डिजीटल प्लेटफार्म पर एक खबर चलाई गई। खबर का शीर्षक था–नेहा सिंह राठौर वाले हॉस्टल में सेक्स रैकेट? पुलिस ने मारा छापा! इस खबर के साथ एक तरफ पुलिस की छापेमारी दिखाई जा रही है, साथ में नेहा सिंह राठौर की तस्वीर भी लगी है। यानी कोई पूरी खबर न भी देखे, केवल खबर का शीर्षक और साथ में लगा चित्र देख ले तो यह समझे कि नेहा सिंह राठौर वेश्यावृत्ति रैकेट चला रही हैं। यह कोई छोटा–मोटा मामला नहीं था, जिसमें संबंधित व्यक्ति से उसका पक्ष न लिया जाए। अगर इस मामले में वाकई पुलिस ने छापेमारी की, तो पुलिस डायरी से ही पता चल जाता कि छापेमारी कहां हुई है और उस जगह का संबंध किससे है। लेकिन इतने गंभीर मामले वाली खबर चलाने से पहले एबीपी के पत्रकारों ने इन मामूली तथ्यों की पड़ताल भी नहीं की। खबर बाकायदा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आ गई। जिसके बाद नेहा सिंह ने खुद एबीपी के संपादक रजनीश आहूजा से फोन पर बात की। इसका वीडियो इंस्टाग्राम और बाकी प्लेटफॉर्म पर शेयर हुआ, जिसमें साफ सुना जा सकता है कि रजनीश आहूजा नेहा सिंह से किस अकड़ में बात कर रहे हैं। फोन लगाने पर जब नेहा सिंह ने अपना परिचय दिया तो उन्होंने कहा कि हां आपका नंबर मेरे पास सेव्ड है। इसके बाद नेहा सिंह ने कहा कि– मैं आपको बताना चाहती हूं कि मैं कोई कॉलगर्ल नहीं हूं, मेरा कोई हॉस्टल नहीं है, जहां सेक्स रैकेट चलता है, तो रजनीश आहूजा ने कहा कि किसने लिखा। जाहिर है, उन्हें पता ही नहीं था कि उनके पत्रकार या संस्थान के कर्मियों ने कौन सी खबर चलाई है। जब नेहा ने उनसे सवाल किया कि मेरा कोई सेक्स रैकेट चलता है जहां आपके चौनल वाले गए हैं, तो रजनीश आहूजा कहते हैं कौन गया है, कहां गया है। लेकिन उनकी ये अनभिज्ञता उनके निर्दोष होने का प्रमाण नहीं बन सकती। क्योंकि आगे जब नेहा कहती हैं कि पूछिए अपने चौनल वालों से तो बड़ी धृष्टता से आहूजा जवाब देते हैं कि आप ही फोन कर रही हैं तो आप बता दीजिए। ऐसा जवाब नेहा सिंह को तब सुनने मिला, जबकि वो देश का एक चर्चित चेहरा हैं, अगर कोई आम सी लड़की ऐसे दुष्प्रचार का शिकार होती, तब तो शायद संपादक महोदय सत्ता से नजदीकी की हनक में इतनी बात भी नहीं करते। नेहा सिंह इस बातचीत के दौरान लगभग रो पड़ी और रजनीश आहूजा ने बात पूरी किए बिना ही फोन काट दिया। इसके बाद चौनल की तरफ से एक स्पष्टीकरण एवं खेद जारी हुई जिसमें लिखा कि रू एबीपी नेटवर्क के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लोक गायिका नेहा सिंह राठौर से संबंधित एक खबर प्रसारित की गई, जो तथ्यों के आधार पर गलत पाई गई। इस त्रुटिपूर्ण प्रसारण के लिए हमें खेद है, हम इसके लिए क्षमा प्रार्थी हैं। भाजपा के शासन में सत्ता से नजदीकी वाले किसी चौनल से इससे ज्यादा की उम्मीद भी नहीं की जा सकती। नेहा सिंह को रूआंसा देखना कष्टदायी रहा, क्योंकि देश ने देखा है कि वे किस तरह गीतों के जरिए लोकतंत्र के सवाल उठाती रही हैं और भाजपा के तमाम प्रहारों को झेलकर भी डटी रहीं। कभी उन पर एफआईआर हुई, कभी चौनलों ने अपने मंच पर बुलाकर उन्हें घेरने की कोशिश की। लेकिन राहुल गांधी के साथ जब पुणे में वे छात्रों की गूंज के मंच पर आईं तो अब उनके हौसले को तोड़ने के लिए भाजपा ने शायद यही साजिश रची है। एबीपी का स्पष्टीकरण अपनी जगह है, लेकिन जो कोई भी खुद को पत्रकार कहे वह इतनी बड़ी खबर चलाने से पहले तथ्यों को न जांचे तो फिर उसे पत्रकार माना ही नहीं जा सकता। तथ्यों की पड़ताल करके खबरें देना पत्रकारिता का पहला उसूल है, और एबीपी लिख रहा है कि जो खबर प्रसारित हुई वह तथ्यों के आधार पर गलत पाई गई। अब देखना होगा कि माननीय मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत इस पर क्या कहेंगे। क्योंकि अभी दिल्ली प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में पत्रकारों की सुरक्षा से जुड़ी एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान उनकी बेंच ने टिप्पणी की थी कि श्अगर हर नागरिक पत्रकार बन जाए, तो यह सबके लिए मुश्किलें पैदा करेगा। नेहा सिंह ने इस मामले में महिला आयोग, रेखा गुप्ता, स्मृति ईरानी, कंगना रानौत जैसे लोगों से सवाल किए हैं। कंगना रानौत ने जरूर जवाब दिया है कि यह गलत है, मगर बाकियों के जवाब का इंतजार है। देखना ये भी है कि पत्रकारों से जुड़े तमाम संगठन, प्रेस क्लब आदि की तरफ से कोई भर्त्सना की जाती है या नहीं। जन संस्कृति मंच ने इस मामले की निंदा की है, जो सर्वथा सही है। वैसे इस पूरे प्रकरण में शीर्ष अदालत को भी स्वतरू संज्ञान लेना चाहिए, वैसे ही जैसे 2007 के उमा खुराना मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने लिया था। सुधीर चौधरी तब लाइव इंडिया के सीईओ और प्रधान संपादक थे। उनके एक रिपोर्टर ने 30 अगस्त, 2007 को दिल्ली सरकार के एक स्कूल की शिक्षिका उमा खुराना को एक छात्रा को वेश्यावृत्ति में फंसाने का स्टिंग ऑपरेशन चलाया था। जब यह खबर प्रसारित हुई तो उसके बाद उमा खुराना पर भीड़ ने हमला किया था। शिक्षा निदेशालय ने उमा खुराना को निलंबित किया और बाद में उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया। फिर पता चला कि निजी विवाद के चलते उमा खुराना को फंसाने के लिए यह पूरा जाल बुना गया और जिसे पीड़िता दिखाया गया था, वह असल में एक नयी पत्रकार थी। अदालत ने तब इस घटना का स्वतरू संज्ञान लेते हुए दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किए। और दिल्ली उच्च न्यायालय बनाम राज्य के मामले में 14 दिसंबर, 2007 को दिए फैसले में एक अहम सवाल उठाया था कि– ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को कैसे रोका और कम किया जा सकता है ताकि कोई निर्दोष व्यक्ति इसका शिकार न बने और उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान न पहुंचे। अदालत ने यह भी कहा था कि प्रेस की स्वतंत्रता का अधिकार एक मूल्यवान अधिकार है, लेकिन इस अधिकार के साथ सत्य बोलने और दूसरों के अधिकारों की रक्षा करने की जिम्मेदारी और कर्तव्य भी जुड़ा हुआ है। आज क्या सुप्रीम कोर्ट ऐसे ही स्वतरूसंज्ञान लेकर नागरिक अधिकारों और गरिमा की रक्षा करेगा या नेहा को पूछना पड़ेगा कि अदालत में कौन बा?

कोलकाता में सामुदायिक दुर्गा पूजा और राजनीति

तीर्थंकर मित्रा

एक समय था जब बंगाल का सबसे बड़ा त्योहार, दुर्गा पूजा, जमींदारों और बड़े व्यापारियों के पुश्तैनी घरों में मनाई जाती थी। इन लोगों ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेवा करके काफी धन कमाया था और वे पूजा के इस मौके का इस्तेमाल अपने विदेशी आकाओं को खुश करने के लिए करते थे। बाद के वर्षों में, कई प्रमुख राजनीतिक नेताओं ने खुद को सामुदायिक दुर्गा पूजा आयोजनों से जोड़ लिया, जहां पारिवारिक आयोजनों की तुलना में कहीं ज्यादा लोग आते थे। कोलकाता के उत्तरी और मध्य हिस्सों में रहने वाले अमीर और मशहूर लोग, दिखावे और भव्यता के मामले में एक–दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे रहते थे। अंग्रेजों को, खासकर ऊंचे पदों पर बैठे अंग्रेज अधिकारियों को आमंत्रित करना, अपने प्रतिद्वंद्वी रईसों से आगे निकलने का एक तरीका माना जाता था। इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि जमींदारनबाकृष्ण देव ने एक तरह का सामाजिक दांव खेला और रॉबर्ट क्लाइव तथा वॉरेन हेस्टिंग्स को अपने शोबाबाजार स्थित महल में दुर्गा पूजा के दौरान बुला लिया। उन्होंने प्लासी की लड़ाई में पर्दे के पीछे रहकर काम किया था। शासकों के प्रति अपनी वफादारी दिखाने की यह परंपरा, जिसमें दुर्गा पूजा एक बेहतरीन मौका होती थी, एक सदी बीत जाने के बाद भी इस परिवार में जारी रही। 1857 के स्वतंत्रता के पहले संग्राम में जब अंग्रेजों ने भारतीय सैनिकों के विद्रोह को कुचल दिया, तो उस जीत का जश्न भी इसी महल में मनाया गया था। जैसे–जैसे समय बीतता गया और स्वतंत्रता संग्राम ने जोर पकड़ा, रईसों की जगह राजनीतिक नेताओं ने ले ली। सुभाषचंद्र बोस, जो उस समय तक नेताजी नहीं बने थे, सिमला व्यायाम समिति की सामुदायिक दुर्गा पूजा से जुड़े हुए थे। लेकिन उस समय, इस पूजा और ऐसी ही अन्य आयोजनों के केंद्र में देशभक्ति की भावना सबसे प्रमुख थी। भारत के इस महान सपूत के साथ जुड़े रहने की परंपरा तब भी जारी रही, जब वे देश को विदेशी बेड़ियों से आजाद कराने के मिशन पर निकल पड़े। बोस ने कांग्रेस से अलग होकर फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की थी। कालीघाट फायर स्टेशन के पास, फॉरवर्ड क्लब के तत्वावधान में आज भी एक बड़ी सामुदायिक पूजा आयोजित की जाती है। 1972 से 1977 के बीच कांग्रेस के शासनकाल में, जब हिंसा और सरकारी दमन का दौर चल रहा था, बालीगंज (गरियाहाट जंक्शन के पास) में एकदालिया एवरग्रीन पूजा की शुरुआत हुई। इसे उस समय के सबसे युवा कैबिनेट मंत्री सुब्रत मुखर्जी का संरक्षण प्राप्त था। वाम मोर्चा के दशकों लंबे शासन और बाद में तृणमूल कांग्रेस के दौर में भी, सुब्रत मुखर्जी अपने निधन तक इस पूजा के मुख्य सूत्रधार बने रहे। कलकत्ता विश्वविद्यालय के पास कॉलेज स्क्वायर में होने वाली सामुदायिक पूजा से सोमेन मित्रा का कोई सीधा संबंध नहीं था। लेकिन, तृणमूल नेताओं द्वारा किनारे किए जाने से पहले तक, कई वर्षों तक इस पूजा में उन्हीं की बात सर्वोपरि होती थी। देवी की पूजा–अर्चना, वाम मोर्चा के सबसे बड़े घटक दल सीपीआई(एम) की विचारधारा से मेल नहीं खाती थी। लेकिन, इसके बावजूद पार्टी के खेल और युवा मामलों के मंत्री सुभाष चक्रवर्ती श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब की पूजा से जुड़े रहे। शहर की सबसे बड़ी सामुदायिक पूजा आयोजनों में से एक, जो भारी भीड़ जुटाने के लिए जानी जाती है, उसे सुभाष चक्रवर्ती के करीबी सुजीत बोस द्वारा आयोजित किया जाता था। भले ही नास्तिक कम्युनिस्ट साथियों ने पूजा–पाठ में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन पंडालों के पास स्टॉल लगाने में उन्हें कोई हिचकिचाहट नहीं हुई। इन स्टॉलों पर पार्टी का साहित्य और मुंशी प्रेमचंद तथा लेनिन की कुछ किताबें बेची जाती थीं। हाल ही में समाप्त हुए तृणमूल शासनकाल में, मंत्रियों का सामुदायिक पूजा आयोजनों से जुड़ाव काफी बढ़ गया था। सुजीत बोस, जो तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे, अपनी पुरानी पूजा के आयोजक बने रहे और उनके साथ कई अन्य मंत्री भी इस तरह की गतिविधियों से जुड़े थे। न्यू अलीपुर का सुरुचि संघ मंत्री अरूप बिस्वास की पहचान बन गया, जबकि शहर के मेयर और मंत्री फिरहाद हकीम की ऐसी ही स्थिति चेतला अग्रानी में थी। दिलचस्प बात यह है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चेतला अग्रानी में देवी की आंखों में रंग भरने (चक्षुदान) की रस्म में हिस्सा लिया, जिससे इस पूजा को विशेष अहमियत मिल गई। तृणमूल शासन के खत्म होने के बाद भी पूजा और राजनीति का यह जुड़ाव खत्म नहीं हुआ। ऐसा होना स्वाभाविक भी था, क्योंकि भाजपा ने हिंदुत्व को अपने चुनावी एजंडे का हिस्सा बना लिया था। हाजरा क्रॉसिंग पर लगे एक पोस्टर में साफतौर पर दिखाया गया है कि रूपचंद मुखर्जी लेन में होने वाली सामुदायिक पूजा के मुख्य संरक्षक शुभेंदु अधिकारी हैं। यह पूजा मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर के अंतर्गत आती है। सुजीत बोस भले ही जेल में हैं, लेकिन श्रीभूमि स्पोर्टिंग की पूजा जारी है। महालया से एक दिन पहले मुख्यमंत्री अधिकारी ने इसका उद्घाटन किया था। अब श्रीभूमि पूजा की कमान डॉ. शरदवत मुखर्जी के हाथों में है, जिन्होंने चुनावों में बोस को हराया था। यह पूजा राजनीतिक प्रभाव और संरक्षण दिखाने का एक बड़ा जरिया है। यही वजह है कि भाजपा विधायक सौरव हलदर सुरुचि संघ पूजा का नेतृत्व कर रहे हैं। उत्तरी कोलकाता की हाथी बागान सार्वजनीन पूजा में, तृणमूल कांग्रेस के पूर्व डिप्टी मेयर अतीन घोष की जगह राज्य के उद्योग मंत्री तापस रॉय ने ले ली है। इस साल मई में राज्य सरकार बदल गई है। इसके साथ ही शहर की कुछ बड़ी सामुदायिक पूजा आयोजनों के संरक्षक भी बदल गए हैं, क्योंकि यह त्योहार लोगों से जुड़ने का एक बेहतरीन मौका देता है। 2026 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस में हुई टूट–फूट के बीच राज्य भर में पूजा के आयोजनों से तृणमूल के पुराने आयोजकों को हटा दिया गया है और उनकी जगह भाजपा नेताओं ने ले ली है। भाजपा का मानना है कि बंगाल के सबसे बड़े हिंदू त्योहार पर नियंत्रण रखना उसका अधिकार है। इसका बहुत कम विरोध देखने को मिला है। पूजा के दिनों में टीएमसी के बड़े नेता नाराज हैं, और उनमें से कई तो राज्य से बाहर चले गए हैं। अब बंगाल के इस सबसे बड़े वार्षिक त्योहार पर पूरी तरह से भाजपा का दबदबा है।

वोट चोरी तो सब चोरी, जनता समझ गई

शकील अख्तर

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। करीब एक साल पहले जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में एसआईआर का मुद्दा उठाया था तब लोग मोदी सरकार के इस वोट चोरी के खेल को नहीं समझे थे। राहुल ने जनजागरण किया। कई दिनों तक बिहार में यात्रा निकाली और उसके बाद से चुनाव आयोग द्वारा मोदी को सूट नहीं करने वाले वोटों को काटना और नकली वोटों को जोड़ने के खिलाफ प्रेस कान्फ्रेंस करके कई सबूत दिए। जनता में और सभी जगह मैसेज जाना शुरु हो गया कि कुछ गड़बड़ है। राहुल का यह कहना बहुत मायने रखता है कि एंटी इन्कम्बेन्सी हर सरकार के खिलाफ काम करती है। इन्दिरा गांधी के खिलाफ भी किया, वाजपेयी के खिलाफ भी। मगर यह बीस साल तक पच्चीस साल तक रहने की बात करते हैं जबकि देश में हर जगह दिखता है कि जनता कितनी परेशान है तो यह सरकार से नाराजगी (एंटी इन्कम्बेन्सी) इन पर असर क्यों नहीं करती? राहुल ने खुद ही अपने सवाल का जवाब दिया कि वोट चोरी से। 13 करोड़ से ज्यादा वोट देश भर में काट दिए गए हैं। बंगाल में ऐसी बहुत सी सीटें हैं जहां जितने वोट काट गए उससे कम वोटों से बीजेपी का प्रत्याशी वहां जीता है। मिसाल के तौर पर सौ वोट काटे गए तो पचास वोट से। मतलब अगर वे सौ वोट जो वास्तविक थे। वे रहते तो जीतने की संभावना नहीं थी। यह बात खुद सुप्रीम कोर्ट ने कही। और यहां तक कि क्या दोबारा चुनाव करवाए जा सकते हैं? यह तथ्य आने के बाद माहौल में बदलाव शुरू हुआ। और फिर इंडियन एक्सप्रेस की खबर के बाद कि कैसे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सारे बड़े फैसले बाकी दो चुनाव आयुक्तों की मर्जी के खिलाफ किए। मीडिया आज भी सबसे बड़ी ताकत है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे ज्यादा उसको अपने कब्जे में रखा है। मगर मीडिया को भी अपनी कुछ तो विश्वसनीयता चाहिए। अगर वह पूरी तरह भौंपू बन गई तो वह ही खत्म हो जाएगी। यह सरवाइवल (कुछ जान बची रहने का) का सवाल है। दूसरा गुलामी में रहने का। 80 साल से गुलामी में रहने की आदत छूट गई। कांग्रेस के नेतृत्व में जो आजादी पाई थी उसका सबसे बड़ा पहलू यह था कि सबको समान अधिकार। किसी का किसी पर कोई वर्चस्व नहीं। एक व्यक्ति एक वोट। इसी मूल भावना पर चोट पड़ी। मीडिया हो या न्यायपालिका या राष्ट्रपति सब के मन में जब भी आजादी की भावना जाग जाती है वे उस के अनुरूप कुछ कर देते हैं। इसीलिए कहते हैं कि विचार सबसे बड़ी चीज है। उसे जिन्दा रखो। संविधान को कोई खत्म होने देना नहीं चाहता। इसलिए राहुल संविधान हमेशा दिखाते रहते हैं। देश को आगाह करते रहते हैं कि ये संविधान खत्म करने वाले लोग हैं। तो खुद के अस्तित्व को बचाने के लिए और गुलामी के बीच अपनी मर्जी से एक सांस लेने के लिए एक अखबार ने हिम्मत दिखा दी और बस यहीं से पासा पलट गया। पेपर लीक की वजह से छात्रों और युवाओं में गुस्सा पहले से था। उनकी शिक्षा, उच्च, प्रोफेशनल शिक्षा के अवसर छीने जा रहे थे। और फिर उनका वोट छीने जाने का भी उन्हें पता चल गया। फर्स्ट टाइम वोटरों को सबसे ज्यादा काटा जा रहा था। युवा छात्रों के आक्रोश का पता चलने के बाद उनके वोटों पर तलवार चला दी गई। कहां चुनाव आयोग के आदमी घर–घर आकर पूछते थे कि कोई 18 साल का होने वाला तो नहीं? और खुद उसका नाम वोटर लिस्ट में जुड़वा देते थे। अब उल्टा हो रहा है। पहली बार वोटर बनने के फार्म को बदल दिया। फार्म 6 जो नए वोटर के लिए है। बहुत आसान होता था। होना भी चाहिए। मगर उसे जटिल करके इसमें उसके परिवार का माता–पिता, दादा–दादी का 2000 या उसके आसपास की वोटर लिस्ट में नाम और सारी डिटेल मांगी जा रही थी। लड़का–लड़की 18 साल का है और उससे रिकार्ड मांगा जा रहा है उसके जन्म से 8 साल पहले का! चुनाव आयोग की धांधलियां एकदम से सतह पर आ गईं और सबसे बड़ी बात उसकी विश्वसनीयता ही खत्म हो गई। इसी के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने आवाज उठाई। जो विपक्ष का काम है। एसआईआर की पूरी वापसी। ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा। 30 सितम्बर को हुई इस बैठक के बाद ही आंदोलन का बिगुल बज गया। 6 अक्टूबर का कॉल बहुत बड़ा साबित हुआ। विपक्ष ने ऐलान किया था कि इस दिन चुनाव आयोग जाकर चुनाव आयुक्तों को वोट चोरी के खिलाफ ज्ञापन देंगे। मगर मोदी सरकार जैसे 12 साल में विपक्ष द्वारा उठाई गई किसी मांग को नहीं सुनती यह भी नहीं सुनी। लेकिन इस बार उनका यह आत्मविश्वास महंगा पड़ गया। विपक्ष तो राहुल गांधी के नेतृत्व में संसद से चुनाव आयोग के लिए निकला। मगर सरकार ने उसे चुनाव आयोग पहुंचने से पहले ही रोक दिया। राहुल को हिरासत में ले लिया। राहुल का सिम्पल कहना था कि एक हफ्ते पहले हमने चुनाव आयोग जाने की बात कही थी। शांतिपूर्ण। और वह जा भी रहे थे। फिर गिरफ्तारी क्यों? वे बस से उतरकर सामने आकाशवाणी भवन में घुस गए। वहीं से जो यह आन्दोलन आज तक चल रहा है नए मोड़ पर आ गया। ज्ञानेश कुमार के साथ मोदी और अमित शाह को भी जाना होगा– के नारे लगने लगे। और जैसे–जैसे आन्दोलन तेज होता गया दमन भी होता गया। सिर्फ पुलिस का ही नहीं प्राइवेट गुंडे बुलाकर उनसे भी लड़कियों के कपड़े खिंचवाए गए। गालियां, मारपीट तो अलग। देश के इतिहास में कभी सरकार और पुलिस ने इस तरह गुंडे बुलाकर युवा लड़के–लड़कियों को नहीं पिटवाया गया। अंग्रेजों ने भी कभी आन्दोलन कुचलने के लिए गुंडे नहीं बुलाए। गुंडे बुलाना सरकार की कमजोरी की निशानी होता है। मोदी सरकार कमजोर हो रही है। पिछली बार शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को बचाने के लिए दिल्ली में पेलेटगन, बिहार में एके–47 चलाई थी। इस बार लड़कियों पर यौन हमला किया गया। राहुल ने इन लड़कियों से मुलाकात की। जो लड़कियों ने सुनाया है कि पुलिस थाने के अंदर सीनियर पुलिस अधिकारियों से लेकर नीचे सिपाही और महिला सिपाही द्वारा उनके साथ कैसा बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया गया। बाहर गुंडों द्वारा अंदर पुलिस द्वारा।

भाजपा एमएलसी डा सुरेन्द्र चौधरी ने साथियों के साथ किया शस्त्र पूजन

शस्त्र पूजन में थे अलग – अलग लोगों के लाइसेंसी हथियार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। भाजपा एमएलसी डा सुरेन्द्र चौधरी ने मम्फोर्डगंज स्थित जगराम चौराहे पर बने अपने घर में साथियों के साथ विजय दशमी पर विधि विधान से शस्त्र पूजन किया। विजय दशमी के पावन अवसर पर शस्त्र पूजन शुभ माना जाता है ऐसे में एमएलसी डा सुरेन्द्र चौधरी ने अपने दो दर्जन से अधिक साथियों के साथ शस्त्र पूजन किया। शस्त्र पूजन में एमएलसी के साथियों के अलग – अलग लाइसेंसी शस्त्र थे। शस्त्र पूजन करीब दो घण्टे तक चला। इस अवसर पर एमएलसी डा सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि घ्यह महापर्व हमें असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देता है। माँ भवानी और मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम से यही प्रार्थना है कि वह हम सभी को अन्याय और बुराई से लड़ने की शक्ति, साहस और सद्बुद्धि प्रदान करें। घ्आप सभी आत्मीय जनों को दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।



मतदान से पहले प्रत्याशी की छवि, कार्यशैली जरूर देखे : अशोक राठौर

इलाहाबाद – झांसी स्नातक निर्वाचन के भाजपा प्रत्याशी ने अंतिम दिन किया व्यापक जनसंपर्क कहा कि विकास,रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए भाजपा कर रही व्यापक कार्य

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। इलाहाबाद–झांसी स्नातक निर्वाचन के भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज प्रयागराज, कौशाम्बी, चित्रकूट सहित अन्य जिलों में आज व्यापक जनसंपर्क किया। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि मतदान से पहले प्रत्याशी की छवि और कार्यशैली जरूर देखे क्योंकि आपका जन प्रतिनिधि आपके बीच का होना चाहिए जो स्वच्छ छवि, लोकप्रिय, लोगों की सुनने वाला और उनका काम करने वाला होना चाहिए। इलाहाबाद – झांसी स्नातक निर्वाचन के भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर ने कहा कि प्रत्याशी अपराधी छवि का ना हो, उसके खिलाफ एफ आई आर ना हो, वह किसी फर्जीवाडे में ना फंसा हो क्योंकि अगर अपराधी प्रत्याशी होगा तो वह आपका काम कराने की बजाय अपनी जमानत कराने और बचाव मे लगा रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केन्द्र सरकार विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है जिसका आने वाले समय में लोगों को बहुत अधिक लाभ मिलेगा। इलाहाबाद – झांसी स्नातक निर्वाचन के भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर ने सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि शुक्रवार 23 अक्टूबर को अपने पास के मतदान केन्द्र पर स्वयं, परिवार और साथियों के साथ मतदान जरूर करें जिससे कि विपक्ष जो ईवीएम पर बार – बार उंगली उठा रहा है उससे उसकी बोलती बंद होगी और बैलेट से हुए मतदान की भी सच्चाई सामने आयेगी।



सीनियर पुरुष और जूनियर बालक खो–खो टीम का चयन 22 अक्टूबर को

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रयागराज खो–खो एसोसिएशन की ओर से सीनियर पुरुष एवं जूनियर बालक खो–खो टीम के चयन के लिए 22 अक्टूबर 2026 को चयन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता भानु प्रताप स्पोर्ट्स एकेडमी (अग्रसेन इंटर कॉलेज, लूकरगंज) के खेल मैदान पर अपराह्न 3:30 बजे से होगी। चयन प्रक्रिया एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजीत चौरसिया की अध्यक्षता में संपन्न होगी। चयन समिति में अंकित कनौजिया, राधेश्याम मौर्य और अमित सिंह शामिल हैं। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित समय पर चयन प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं। चयनित सीनियर पुरुष टीम 31 अक्टूबर और 1 नवंबर 2026 को अंबेडकर नगर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर खो–खो प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। वहीं, जूनियर बालक टीम 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, अलीपुर, हरदोई में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रयागराज का प्रतिनिधित्व करेगी। एसोसिएशन के सचिव मिथुन कुमार कनौजिया ने बताया कि यह चयन प्रतियोगिता खो–खो स्पोर्ट्स प्रमोशन वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश से मान्यता प्राप्त प्रयागराज खो–खो एसोसिएशन की ओर से आयोजित की जा रही है। उत्तर प्रदेश की यह संस्था खो–खो फेडरेशन ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त है।

विद्या भारती के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव वर्ष 2027 से – गोविंद चंद्र महंत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविंद चंद्र महंत के क्षेत्रीय प्रवास के अंतर्गत पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र (काशी, कानपुर, अवध व गोरक्ष प्रांत) के अंतर्गत ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, प्रयागराज में तीन दिवसीय प्रवास कार्यक्रम का आज शुभारंभ हुआ। प्रवास के प्रथम दिवस पर विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के शैक्षिक, संगठनात्मक, प्रशासनिक और व्यवस्थात्मक विषयों पर गहन चिंतन और मंथन हुआ। बैठकों में अखिल भारतीय संगठन मंत्री मा. गोविंद चंद्र महंत का ओजस्वी एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद्र , क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री डॉ. राममनोहर, क्षेत्रीय मंत्री डॉ. सौरभ मालवीय , क्षेत्रीय अध्यक्ष दिव्यकांत शुक्ल , कानपुर प्रांत के संगठन मंत्री मा. रजनीश , क्षेत्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी, चारों प्रांतों की प्रांतीय समिति के अध्यक्ष, मंत्री, प्रदेश निरीक्षक एवं क्षेत्रीय स्तर के पूर्णकालिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

50 की उम्र में 21 किमी दौड़े मंडलायुक्त डॉ. लोकेश एम


प्रशासनिक सख्ती और फिटनेस का भी दिया दमदार संदेश
50 वर्ष की उम्र में लगातार दूसरे साल पूरी की दौड़

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रशासनिक कार्यों में शक्ति, अनुशासन और तत्परता के लिए पहचाने जाने वाले प्रयागराज मंडलायुक्त डॉ. लोकेश एम. ने 50 वर्ष की उम्र में दिल्ली हाफ मैराथन–2026 पूरी कर एक बार फिर अपनी सक्रियता का परिचय दिया है। 18 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में उन्होंने 21.097 किलोमीटर की चुनौती पूरी कर उन्होंने नियमित व्यायाम, शारीरिक तैयारी और लक्ष्य के प्रति निरंतरता का परिचय दिया। हाफ मैराथन में इतनी लंबी दूरी तय करने के लिए सहनशक्ति, मानसिक दृढ़ता और नियमित अभ्यास की जरूरत होती है। व्यस्त प्रशासनिक दिनचर्या के बीच इस चुनौती को पूरा करना उनकी सक्रिय जीवनशैली को दर्शाता है।

डॉ. लोकेश एम. की पहचान केवल प्रशासनिक बैठकों और सरकारी योजनाओं की समीक्षा तक सीमित नहीं है। जनता की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देना उनकी कार्यशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। योगी सरकार की जनसुनवाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने की दिशा में वह शिकायतों के निस्तारण और प्रशासनिक जवाबदेही पर जोर देते हैं। आम जनता और फरियादियों के बीच उनकी कार्यशैली की चर्चा का एक प्रमुख कारण समस्याओं को गंभीरता से सुनने और समाधान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर दिया जाने वाला जोर है।

डॉ. लोकेश एम. उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। वह नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। वर्तमान में प्रयागराज मंडलायुक्त के रूप में मंडल की प्रशासनिक व्यवस्था और विकास कार्यों की निगरानी उनकी जिम्मेदारियों में शामिल है। ऐसे में हाफ मैराथन पूरी करना उनके लिए खेल उपलब्धि के साथ फिटनेस के प्रति प्रतिबद्धता का भी उदाहरण है। उनकी यह उपलब्धि संदेश देती है कि जिम्मेदारियों का दबाव कितना भी हो, अनुशासन और नियमित अभ्यास के जरिए शारीरिक सक्रियता बनाए रखी जा सकती है। प्रशासनिक दृढ़ता और व्यक्तिगत अनुशासन के मेल के कारण डॉ. लोकेश एम. की यह उपलब्धि प्रयागराज मंडल में चर्चा का विषय बनी हुई है।




महंत श्री श्यामदास जी महात्यागी की प्रथम पुण्य तिथि पर भागवद् कथा, संत सम्मेलन

कथा आयोजक है राष्ट्रीय संत सरजूदास महात्यागी
कथा में शामिल होगे देश के सभी प्रमुख संत, महात्मा, राजनीतिज्ञ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। राष्ट्रीय संत श्री श्री 108 श्री अखिल भारतीय महामण्डलेश्वर श्री सरजूदास महात्यागी जी महराज बीकानेर से चलकर आज प्रयागराज आये हुए है। उन्होंने बताया कि साकेतवासी वैष्णव कुलभूषण गौ संत सेवी परमहंस पूजनीय श्री गुरू महराज श्री श्री 108 महंत श्री श्यामदास जी महात्यागी (त्यागी बाबा) की प्रथम पुण्य तिथि महामहोत्सव पर श्रीमद भागवद कथा एवं श्रीहनुमंत महायज्ञ व विराट सम्मेलन 23 अक्टूबर शुक्रवार से 31 अक्टूबर तक वृन्दावन के श्रीसीताराम महावीर बाग, त्यागी बाबा आश्रम, श्री बहुलावन धाम में होगा। कथा व्यास प्रख्यात कथावाचक डा श्यामसुन्दर जी पाराशर श्रीवृन्दावन धाम, मथुरा है। उन्होंने बताया कि



कथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी।

महामण्डलेश्वर श्री सरजूदास महात्यागी जी महराज ने बताया कि विराट कलश यात्रा 23 अक्टूबर को सुबह नौ बजे से, भागवत माहात्म्य 23 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से, 24 अक्टूबर को भीम स्तुति, परीक्षित जन्म, 25 अक्टूबर को श्रीराम कथा व नंद महोत्सव, 27 अक्टूबर को माखन चोरी लीला – गोवर्धन पूजा, 28 अक्टूबर को महारास रूक्मणी विवाह, 29 अक्टूबर को सुदामा चरित और भागवत पूर्णाहुति, 30 अक्टूबर को यज्ञ पूर्णाहुति, गुरू महराज की मूर्ति का अनावरण और संतों का भण्डारा, 31 अक्टूबर को विशाल भण्डारा सुबह 10 बजे से और सांस्कृतिक कार्यक्रम रात आठ बजे से होगा। उन्होंने बताया कि श्रीहनुमंत महायज्ञ 24 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक होगा। महामण्डलेश्वर श्री सरजूदास महात्यागी जी महराज ने बताया कि कथा में देश के सभी प्रमुख संत, महात्मा और राजनीतिज्ञ शामिल होगे। उन्होंने बताया कि कथा में अयोध्या, काशी, चित्रकूट, प्रयागराज, मथुरा, वृन्दावन, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरिद्वार सहित अन्य स्थान के प्रमुख संत, महात्मा शामिल होगे।

कस्तूरबा विद्यालयों की बालिकाओं ने एथलेटिक्स में दिखाया दमखम

मंडलीय प्रतियोगिता में नौ मंडलों की खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगी प्रतिभाग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, प्रयागराज में अंतरमंडलीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय



एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर–14, अंडर–17 और अंडर–19 आयु वर्ग की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रयागराज, सहारनपुर, मेरठ, लखनऊ, बरेली, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर और चित्रकूट मंडल की खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में 100, 200, 400, 600 और 800 मीटर दौड़, बाधा दौड़, 4×100 मीटर एवं 4×400 मीटर रिले, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, त्रिकूद, हैमर थ्रो और पोल वॉल्ट जैसी स्पर्धाएं आयोजित की गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाएं आगामी 30 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।

प्रतियोगिता का उद्घाटन सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक संजय कुमार कुशवाहा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आयोजन उनके आदेशानुसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार के निर्देशन तथा बालिका शिक्षा समन्वयक संतोष कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में मंडलीय व्यायाम शिक्षक बृजेश यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

समापन समारोह में गोरखपुर मंडल की सहायक शिक्षा निदेशक संगीता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय वीरेंद्र कनौजिया, जिला समन्वयक एमडीएम राजीव त्रिपाठी, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव तथा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष कामतानाथ सहित अन्य अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाणपत्र वितरित किए।

अतिथियों ने बालिकाओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राएं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालयों का गौरव बढ़ा रही हैं।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में निर्णायक मंडल, व्यायाम शिक्षकों एवं अन्य सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार मिश्रा, आकांक्षा शंखधर और संदीप त्रिपाठी ने किया।

स्पेशल कैंपेन 6.0– 53 सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण

स्वच्छता कर्मियों को व्यक्तिगत स्वच्छता और कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल की ओर से स्पेशल कैंपेन 6.0 के अंतर्गत बुधवार को केंद्रीय चिकित्सालय के सभागार में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया।



मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र नाथ के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में 53 सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

शिविर में संविदा सफाईकर्मियों को संक्रमण से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने और कार्यस्थल पर सुरक्षित तरीके से काम करने के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल, नियमित स्वास्थ्य जांच और संभावित स्वास्थ्य जोखिमों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। रेलवे प्रशासन का उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की देखभाल सुनिश्चित करने के साथ उन्हें कार्य के दौरान होने वाले संभावित जोखिमों से सुरक्षित रखना है। इस पहल के माध्यम से स्वच्छता कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा दिया जा रहा है।

भाजपा के पास जनता के सवालों का जवाब नहीं, पीडीए की एकजुटता सत्ता से करेगी दूर –श्यामलाल पाल

भाजपा कर रही साजिश, मतदान के पूर्व सपा नेताओं को नजर बंद की योजना –डॉ0 मानसिंह यादव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने आज पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सत्ता धारी भाजपा के पास जनता के सवालों का जवाब नहीं है। पीडीए की एकजुटता से पूरी तरह घबराई हुई है। बेरोजगारी, पेपर लीक, किसानों की समस्याओं, महंगाई, वोट चोरी, चंदा, दान चोरी आदि मुद्दों पर भाजपाई जवाब



देने से कतराते हैं। जबकि प्रदेश की जनता इन्ही मुद्दों को लेकर भाजपा को सत्ता से दूर करने के लिए तैयार है। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने दावा किया कि प्रदेश हो रहे शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी के चुनाव में सर्वाधिक सीटों पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार विजय श्री हासिल करेंगे। एमएलसी उम्मीदवार डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि भाजपा प्रशासन के सहारे साजिश कर रही है।आरोप लगाया कि मतदान के दिन समाजवादी पार्टी के प्रभावशाली नेताओं को उनके घरों में नजरबंद करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को डराने, धमकाने का प्रयास किया जायेगा। अंदेशा है कि मिल्कीपुर का इतिहास दुहारने की कोशिश की जाएगी। डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि उनके मुद्दे अडिग हैं, पेपर लीक रोकने, शिक्षा मित्रों की सम्मानजनक स्थिति, एडवोकेट प्रोटेक्सन एक्ट, अनुदेशकों को मानदेय, वित्त विहीन शिक्षकों को मानदेय, परीक्षा कैलेडर जैसे कार्य सपा सरकार में होंगे। दावा किया कि मतदाताओं का रुझान भी अडिग है। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, हाकिम लाल बिन्द,श्रीमती गीता शास्त्री,संदीप पटेल,पूर्व विधायक हाजी मुजतबा सिद्दीकी, हाजी परवेज अहमद, सत्य वीर मुन्ना, अमर नाथ मौर्य,प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, रविंन्द्र यादव एडवोकेट,इंजी जगदीश यादव सहित तमाम नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

माँ शीतला मंदिर पर भव्य भंडारे का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मेजा, प्रयागराज। मेजा क्षेत्र के सोनार का तारा स्थित शक्तिपीठ मां शीतला माता मंदिर पर मंगलवार को भव्य भंडारे एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान राहगीरों, ग्रामवासियों और क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मां शीतला का आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक आयोजन के दौरान पूरा बाजार 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय बना रहा। भंडारे में श्रद्धालुओं ने बढ़–चढ़कर भागीदारी की। आयोजकों की ओर से लोगों को श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद वितरित किया गया। स्थानीय लोगों ने इस धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सद्भाव, आपसी सहयोग और जनसेवा का प्रतीक बताया। इस अवसर पर उमेश चन्द्र सोनी पत्रकार, संस्थापकः अध्यक्ष, स्वर्ण कला सोसाइटी उत्तर प्रदेश सहित संगठन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। संगठन के सदस्यों ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण करना और जरूरतमंदों की सेवा करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, सहयोग और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। आयोजन के दौरान मां दुर्गा और मां शीतला से प्रार्थना की गई कि उनकी कृपा से मेजा विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जनपद में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे। श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाते हुए परिवार और समाज के कल्याण की कामना की।



निपुण भारत की ओर बढ़ते कदम, हर बच्चा बने भाषा और गणित में सक्षम

प्राथमिक विद्यालय पूरे बनमानुस, टिकावर में निपुण लक्ष्य आधारित मासिक शिक्षक बैठक संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

अमेठी। विकास खंड भेटुआ की न्याय पंचायत गौरिकपुर के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पूरे बनमानुस, टिकावर में निपुण भारत मिशन के तहत विद्यालय स्तरीय शिक्षकों की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के बुनियादी भाषा ज्ञान एवं गणितीय दक्षता को बेहतर बनाने और निपुण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रभावी शिक्षण रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान बच्चों में पढ़ने, लिखने, समझने तथा संख्या ज्ञान की क्षमता विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, गतिविधि आधारित शिक्षण, नियमित आकलन और बच्चों के सीखने की प्रगति की समीक्षा के माध्यम से शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने पर विचार–विमर्श किया गया। शिक्षकों से आह्वान किया गया कि वे प्रत्येक बच्चे की शैक्षिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षण कार्य करें, जिससे कोई भी बच्चा बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान में पीछे न रहे और निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी संतोष यादव सहित शिक्षक नरोत्तम तिवारी, अंबुज श्रीवास्तव, राजीव साहू, विनय कुमार, राजकुमार एवं नरसिंह यादव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी शिक्षकों ने बच्चों को भाषा और गणित में दक्ष बनाने, शिक्षण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार करने तथा निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। हर बच्चा सीखे, हर बच्चा बढ़े आगेय निपुण भारत का सपना, मिलकर हम साकार बनाएं।

इंटरसिटी एक्सप्रेस पर पथराव, ट्रेन का गार्ड हुआ घायल

गार्ड की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

अमेठी में बीती रात वाराणसी से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस पर अज्ञात युवक ने पत्थरबाजी कर दी।पत्थर लगने से ट्रेन का गार्ड घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अमेठी सीएचसी पहुंचाया गया।घटना के बाद करीब 15 मिनट तक अमेठी रेलवे स्टेशन पर खड़ी होने के बाद ट्रेन लखनऊ के लिए रवाना हो गई।पत्थरबाजी से ट्रेन का शीशा भी टूट गया।घायल गार्ड की तहरीर पर अज्ञात पत्थरबाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दरअसल यह पूरा मामला अमेठी रेलवे स्टेशन के पूर्वी आउटर बिराहिमपुर गांव जाने वाले रास्ते के पास का है जहां बीती रात करीब 8रू50 बजे वाराणसी से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस 24203 पर अज्ञात युवक ने पत्थर बाजी कर दी।पत्थर ट्रेन के गार्ड को लगी।घटना की जानकारी तत्काल स्टेशन मास्टर और जीआरपी को दी गई।अमेठी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोक कर गार्ड हरिकेश को इलाज के लिए अमेठी सीएचसी भेजा गया जहां से इलाज के बाद वापस आकर ट्रेन के गार्ड ने जीआरपी को तहरीर दी जिसके बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।घटना के दौरान करीब 15 मिनट तक इंटरसिटी एक्सप्रेस अमेठी रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही उसके बाद लखनऊ के लिए रवाना हुई।घटना की शिकायत बाद जीआरपी भी हरकत में आई और देर रात ही घटनास्थल पर जाकर आसपास निरीक्षण भी किया।ट्रेन रात 8रू53 पर अमेठी रेलवे स्टेशन पर रुकी और 9रू14 पर लखनऊ के लिए रवाना हुई।जीआरपी एसओ चंचल कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

मारपीट व धमकी को लेकर सत्रह पर दर्ज हुआ केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। गालीगलौज व मारपीट तथा धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने सत्रह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के धधुआ गाजन गांव की रानी देवी पत्नी सुरेन्द्र कुमार गौतम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सोलह अक्टूबर की शाम करीब सात बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के पटटीदार सुनील कोरी, प्रदीप, कुलदीप, संदीप पुत्रगण दिलेराम, अजीत गौतम पुत्र अनिल, फूलचंद्र व मूलचंद्र पुत्रगण प्यारे लाल, सुमित पुत्र फूलचंद्र, गोपाल पुत्र मोतीलाल व आठ अज्ञात लोगों ने पीड़िता के पुत्र कृष्णा व रिश्तेदार राकेश कुमार को मारापीटा। बचाव में पहुंची पीड़िता व उसके पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए तोडफोड की और जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

दुर्गा पूजा पाण्डाल में अराजकतत्वों ने लगाई आग, दी तहरीर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। दुर्गा पूजा पाण्डाल में आगजनी की घटना को लेकर पीड़ित ने बुधवार को पुलिस को तहरीर दी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के हण्डौर पूरे वैदन गांव में नौ दुर्गा पूजा सेवा समिति के सदस्यों द्वारा दुर्गा पूजा पाण्डाल लगाया गया था। गांव के संदीप दुबे पुत्र राधेश्याम दुबे व कुलदीप तिवारी पुत्र प्रदीप तिवारी ने संयुक्त रूप से पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बीस अक्टूबर की रात अज्ञात अराजकतत्वों ने दुर्गा पूजा पाण्डाल में आग लगा दिया। आग लपटें उठती देख आसपास के लोग पहुंचे और खासी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना पर डॉयल एक सौ बारह पुलिस पहुंची और जांच कर वापस लौट गयी। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि बीते दो वर्ष से आगजनी की घटना अराजकतत्वों द्वारा की जा रही है। एसओ वारिज कसेरा का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

धाता में सड़कों की बदहाली पर भाकियू टिकैत ने सौंपा ज्ञापन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

धाता/फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने बुधवार को धाता ब्लॉक परिसर में बैठक कर किसानों की समस्याओं को उठाया। ब्लॉक अध्यक्ष रवी करन सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद उपजिलाधिकारी खागा को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। इसमें रावण मैदान से दर्शनी स्कूल तक सड़क निर्माण, धाता–गौरा मार्ग की मरम्मत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक जाने वाले मार्ग को दुरुस्त कराने और चकमार्गों से कब्जे हटवाने की मांग की गई। किसान नेताओं ने धान–गेहूं क्रय केंद्रों के बार–बार स्थान बदलने पर भी नाराजगी जताई। मांगों पर जल्द कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

शशिधर मिश्र स्मारक राष्ट्रीय दंगल में जौनपुर के निगम पहलवान को चैम्पियनशिप का मिला खिताब

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। ढ़िंगवस क्षेत्र के पूरे वीरबल के शशिधर नगर में विजयादशमी पर स्व0 शशिधर मिश्र अर्न्तराज्यीय परम्परागत दंगल प्रतियोगिता में नामीगिरामी पहलवानों ने अपने करतब से लोगों को रोमांचित कर दिया। प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबले में इस बार जौनपुर के निगम पहलवान ने मेरठ के जाबिर पहलवान को पटखनी देकर चौम्पियन विजेता का खिताब हासिल किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रख्यात कथावाचक स्वामी विनोदानंद जी सरस्वती जी महराज एवं संयोजक तथा प्रधान शांतिभूषण मिश्र रज्जन ने स्व0 शशिधर मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। महिला पहलवानों के साथ दूरदराज से आये पहलवानों ने राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता में कुश्ती के दांव दिखाकर प्रतियोगिता को यादगार बनाया। मुख्य आकर्षण में पंजाब के मौसम अली व मुजफ्फर नगर के टाइगर पहलवान की कुश्ती दर्शकों को भायी। महिला पहलवानों में राजस्थान की पायल सैनी ने कानपुर के अंकित को चित्त कर सफलता हासिल की। बनारस की लल्ला पाठक ने कौशाम्बी के तोता पहलवान, राजस्थान की पायल ने झुमरी तलैया के पप्पू पहलवान व मुजफ्फर नगर के नकाबपोश ने पंजाब के आलम, कौशाम्बी की संध्या ने प्रयागराज की राखी तथा जौनपुर के सुनील ने बनारस के सुशील व राजस्थान के राणा पहलवान ने पंजाब के मौसम अली को पटखनी दी। वहीं फतेहपुर के रामचंद्र व बांदा के सुमित की कुश्ती बराबरी पर छूटी। मुख्य अतिथि विनोदानंद सरस्वती जी महराज ने स्व0 शशिधर मिश्र के व्यक्तित्व को कुश्ती के लिए प्रेरणा का संबल कहा। विशिष्ट अतिथि सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भारतीय कुश्ती की सफलताओं पर प्रकाश डाला। संयोजक शांतिभूषण मिश्र रज्जन व शिवभूषण मिश्र सज्जन ने अतिथियों के साथ विजेता



पहलवानों को पुरस्कृत किया। समाजसेवी विश्वभवन शुक्ल ने चौम्पियन कुश्ती के पहलवानों का हाथ मिलवाया। रेफरी की भूमिका में लालजी त्रिपाठी व कमलेश द्विवेदी ने खासी मशक्कत की। संचालन आद्याशरण शुक्ल व रामेश्वर प्रसाद शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर अशोक मिश्र बेलौरा, हौसिला प्रसाद ओझा, बृजकिशोर शुक्ल, डॉ. शक्ति कुमार पाण्डेय, ललित मिश्र, इंद्रानंद तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, जमुना पाण्डेय, विनोद मिश्र, लल्लन तिवारी, नीलेश मिश्र, दिनेश पाण्डेय, रजनीकांत द्विवेदी, गब्बर सिंह, बालेंद्र तिवारी, मुकेश सिंह, विनीत मिश्र, विजय मिश्र गोली, हरिशंकर द्विवेदी आदि रहे।

भरत मिलाप को लेकर लालगंज में उमड़ी भारी भीड़, श्रीराम का चहुंओर गूंजा जयघोष





प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। लालगंज नगर की बाजार में सोमवार की रात भरत मिलाप को लेकर चारों तरफ से उमड़ी भीड़ को लेकर पुलिस व प्रशासन पसीने से तर बतर हो उठा। अगले दिन सुबह करीब साढ़े चार बजे कालाकांकर रोड पर श्रीराम जयघोष के मध्य भरत मिलाप देख लोगों की आंखे नम हो उठीं। भरत मिलाप को लेकर उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कोतवाल आलोक कुमार पूरी रात फोर्स के साथ नगर की सड़कों पर मशक्कत करते दिखे। भरत मिलाप को लेकर चौक समेत विभिन्न पाण्डालों व मार्गो पर विद्युत सजावट को लोग निहारते दिखे। वहीं कई दलों द्वारा डीजे की भी प्रतियोगिता अनूठी दिखी। डीजे की धुन पर आयोजन समिति के साथ आम दर्शक भी रात भर थिरकते दिखे। भीड़ को बढ़ता देख पुलिस व प्रशासन ने नेशनल हाइवे के प्रतापगढ़ रोड पर धधुआ गाजन तथा संगम चौराहे व रायबरेली रोड पर राजेन्द्र नगर तथा घुइसरनाथ रोड पर छोटी नहर मोड़ के समीप बैरीकेटिंग कर बड़े वाहनों को प्रतिबंधित कर रखा था। वहीं भरत मिलाप को लेकर विभिन्न कमेटियों द्वारा निकाली गयी आकर्षक झांकियों को भी देखने के लिए भीड़ लालायित दिखी।

कड़ा धाम के आरती स्थल घाट पर महानवमी पर हवन-पूजन, भव्य गंगा आरती और सांस्कृतिक उत्सव संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कड़ा कौशाम्बी। ऐतिहासिक और पौराणिक तीर्थ स्थल कड़ा धाम में शारदीय नवरात्रि की महानवमी के पावन अवसर पर एक भव्य और अलौकिक गंगा आरती का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के सौजन्य से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। महाआरती के दौरान पूरा घाट क्षेत्र माता और मां गंगा के जयकारों से गुंजायमान रहा।

नवरात्रि के नौ दिन संस्कृति विभाग की ओर से आमंत्रित प्रसिद्ध लोक गायकों और कलाकारों ने मनमोहक भजनों व पारंपरिक देवी गीतों की शानदार



प्रस्तुति दी। भक्तिमय संगीत और भजनों की सुमधुर लहरियों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे और पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया।नवरात्रि के नवमी के दिन

मुख्य अतिथि पत्रकार रवि कुमार अग्रहरी ,विशिष्ट अतिथि संतोष पंडा सहित अतिथि सुधीर यादव, मोहित यादव, आयुष यादव, आशू यादव, अमित यादव ने हवन पूजन व गंगा आरती करते हुए गंगा को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गंगा गोमती संस्था के अध्यक्ष विनय कुमार पांडेय व, उपाध्यक्ष अंजना पाण्डेय एवं संचालन कर रहे आशीष विश्वकर्मा सहित संस्था के सदस्य अमित निषाद, अमित कुमार अग्रहरी (सपरिवार), श्यामू गंगा वासी(सपरिवार),अंकित निषाद, हिमांशु जायसवाल, मकबूल गोताखोर,कौशर, मेराज (साउंड सर्विस) और मेराज (फूल वाले) ने अपना सराहनीय योगदान दिया।इस पूरे धार्मिक अनुष्ठान को श्गंगा गोमती संस्थाश द्वारा बेहद सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया। आरती के भव्य समापन के बाद उपस्थित सभी भक्तों और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इसके साथ ही मां गंगा से समस्त कड़ा धाम क्षेत्र और देश की सुख, शांति, और समृद्धि की मंगल कामना की गई।

बिसौली चौराहे पर ओवरटेक को लेकर हुआ विवाद, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

प्रतिमा विसर्जन के दौरान बवाल, दो युवकों को पीटाय मोबाइल तोड़ने का आरोप

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। नवरात्र के समापन पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान बुधवार शाम सदर कोतवाली क्षेत्र के बिसौली चौराहे पर ओवरटेक को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। वायरल वीडियो के अनुसार, कुछ युवकों ने दो युवकों के साथ लात–घूंसों से मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने पीड़ितों को जबरन डीसीएम में बैठाकर ले जाने की कोशिश भी की।



घटना की रिकॉर्डिंग कर रहे एक युवक का मोबाइल छीनकर जमीन पर पटकने और क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित युवक और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने की बात भी सामने आई है। मौके पर मौजूद लोगों ने विरोध किया और युवक को उसका मोबाइल वापस दिलाया। इसके बाद आरोपी प्रतिमा वाले वाहन के साथ वहां से चले गए। दिनदहाड़े हुई घटना के बाद इलाके में लोगों के बीच नाराजगी की बात सामने आई है। त्योहार के दौरान पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद विसर्जन यात्रा के बीच मारपीट की घटना ने कानून–व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। हालांकि, घटना के संबंध में पुलिस की आधिकारिक कार्रवाई और आरोपियों की पहचान को लेकर पुष्टि उपलब्ध नहीं है। मामले में पुलिस का पक्ष सामने आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

सहायक आयुक्त ने किया आडिट

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़ । बुधवार को राजकीय उमावि सराय आनादेव प्रतापगढ़ में वोकेशनल कोर्सेज हेतु संबंधित संस्था द्वारा उपलब्ध कराए गए सामानों का ऑडिट सहायक आयुक्त उद्योग प्रतापगढ़ द्वारा प्रधानाचार्य राजकीय उमावि सराय आनादेव प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह, उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ डॉ अनीस,डीसी समग्र शिक्षा प्रतापगढ़ रंजन प्रताप,लेखाकार नितिन श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार सिंह, संतोष कुमार शुक्ला, डॉ नेम चंद्र तथा शुभम शुक्ला की उपस्थिति में किया गया. ऑडिट में सभी उपलब्ध कराए गए सामनों की गुणवत्ता के बारे में निरीक्षण किया गया और संतोषजनक पाया गया।

मोदी सरकार की नीतियों में लगातार भटकाव से जनता पर मंहगाई का बोझ असहनीय : प्रमोद तिवारी

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने विजयादशमी पर लोकमंगल की किया प्रार्थना

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार की नीतियों में जबरदस्त खामियों के



कारण जनता मंहगाई का बोझ उठा रही है। उन्होने कहा कि चीनी की मिठास गायब होने के साथ खुदरा मंहगाई और खाद्य मंहगाई में भी बढ़ोत्तरी को नियंत्रित करने में सरकार की अर्थनीति कटघरे मे आ खड़ी हुई है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि जीडीपी चिंताजनक स्थिति में है। वहीं रूपये का रोज टूटना मोदी सरकार की साख को तोड़ रही है। विजयादशमी के पर्व पर रामपुरखास के दौरे पर पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी ने विभिन्न जनसंवाद कार्यक्रमों व कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए केन्द्र की भाजपा नीति सरकार को विदेश नीति तथा अर्थनीति के साथ विभिन्न मुददों पर असफलताओं को लेकर जमकर घेराबंदी की। बाबा घुइसरनाथ धाम में सांसद प्रमोद तिवारी ने धार्मिक आयोजन में कहा कि भगवान श्रीराम ने अच्छाई का शंखनाद करते हुए बुराई का दहन किया।

मूर्ति विसर्जन पर कालेश्वर घाट व फरीदगंज में हुआ भव्य भंडारा

नगर पंचायत अध्यक्ष रागिनी अरुण केशरवानी ने श्रद्धालुओं को वितरित किया कढ़ी–चावल का प्रसाद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम में मंगलवार को मूर्ति विसर्जन का पर्व श्रद्धा और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रागिनी अरुण केशरवानी की ओर से विसर्जन में शामिल होने आए श्रद्धालुओं के लिए कालेश्वर घाट



और फरीदगंज में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कढ़ी–चावल के प्रसाद का आनंद लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष और उनके सहयोगियों ने स्वयं श्रद्धालुओं को आदर–सत्कार के साथ प्रसाद वितरित किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सेवा और उनके स्वागत का विशेष ध्यान रखा गया। नगर पंचायत अध्यक्ष रागिनी अरुण केशरवानी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म और सौभाग्य का कार्य है। नगर पंचायत क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक भक्त और श्रद्धालु की सुविधा व सम्मान का पूरा ध्यान रखना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में आपसी सहयोग, सेवा और समर्पण की भावना समाज को जोड़ने का काम करती है। भंडारे के आयोजन में उदय नारायण पांडेय, बृजेश विद्यार्थी, बीरेंद्र कुशवाहा, राजू केशरवानी, धनराज यादव, रुपैया पंडा, लालबिहारी पंडा, श्यामू अग्रहरि, मोहित पांडेय और मनीष सहगल सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

विजयदशमी पर अपराध निरोधक समिति ने कैंप लगाकर दिया भाईचारे का संदेश

प्रशासनिक–पुलिस अधिकारियों और रामलीला कमेटी व झांकी संचालकों को किया सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। विजयदशमी पर्व पर जिला अपराध निरोधक समिति की ओर से बाकरगंज पुलिस चौकी में कैंप लगाकर आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया गया। इस दौरान



प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों और सवारी झांकी संचालकों को सम्मानित किया गया। समिति के सचिव एवं जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरण ने तहसीलदार सदर राजकुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी हेमंत मिश्रा और चौकी प्रभारी प्रवेश कुमार सहित रामलीला कमेटी के अध्यक्ष, महामंत्री व झांकी संचालकों को प्रतीक चिह्न भेंटकर और पटका पहनाकर सम्मानित किया। समिति के सदस्यों ने विजयदशमी की शुभकामनाएं देते हुए हिंदू–मुस्लिम एकता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर रामस्वरूप गुप्ता, जयप्रकाश सिद्धराज, शैलेन्द्र शरण सिंपल, विनोद कुमार गुप्ता, अरुण जायसवाल, मुकुट बिहारी शरण, जितेंद्र त्रिवेदी, शेर आलम, संजय गुप्ता, बृजेश सोनी, संजय चौधरी, रज्जन गुप्ता, मोहम्मद गुलफाम, एडवोकेट आशीष मिश्रा, एडवोकेट अनुराग मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भाजपा नेता रुद्रेश प्रताप सिंह के सड़क दुर्घटना में निधन से जिले में शोक की लहर, पार्टी नेताओं ने जताया दुख

सुनील कुमार गुप्ता
प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यसमिति सदस्य एवं कोन ब्लॉक के कमासिन गांव निवासी रुद्रेश प्रताप सिंह का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। मंगलवार को वाराणसी जाते समय रास्ते में दुर्घटना होने के बाद उन्हें तत्काल हेरिटेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन की खबर से जिले में शोक की लहर दौड़ गई। भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज निधन की सूचना मिलते ही तत्काल वाराणसी के लिए रवाना हो गए। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि रुद्रेश प्रताप सिंह पार्टी के कर्मठ एवं निष्ठावान कार्यकर्ता थे। उनका असामयिक निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। वहीं, भाजपा नगर अध्यक्ष पश्चिमी नितिन विश्वकर्मा ने भी रुद्रेश प्रताप सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक घटना बताया। उन्होंने कहा कि उनके निधन से पार्टी परिवार और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। प्रातः काल एक्सप्रेस न्यूज परिवार भी रुद्रेश प्रताप सिंह के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति दें।



गड़ौली धाम में भव्य दशहरा मेला एवं रावण दहन कार्यक्रम का सफल आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के प्रतीक पावन पर्व श्विजयादशमीश के शुभ अवसर पर आज पावन तीर्थ गड़ौली धाम में भव्य दशहरा मेला एवं रावण दहन कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री काशी क्षेत्र प्रवीण सिंह गौतम एवं माननीय काशी क्षेत्र मीडिया प्रभारी श्री मधुकर चित्रांश की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी सम्मानित अतिथियों ने प्रभु श्री राम की आरती कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। जैसे ही रावण के पुतले का दहन हुआ, पूरा गड़ौली धाम श्जय श्री रामश के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान हो उठा। मेले में उमड़ी अपार भीड़ ने इस उत्सव को और भी ऐतिहासिक बना दिया। आप सभी को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं! प्रभु श्री राम का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे।



श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने किया शस्त्र पूजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मिर्जापुर। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के तत्वावधान में मंगलवार को बसंत बहार मैरिज लॉन में शस्त्र पूजन कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं समाज



के सम्मानित लोगों ने सहभागिता कर शस्त्र पूजन किया तथा अपनी गौरवशाली परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से शस्त्र पूजन कर समाज की वीरता, शौर्य, स्वाभिमान एवं सांस्कृतिक विरासत को स्मरण किया गया। उपस्थित लोगों ने सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और संगठन की मजबूती का संदेश दिया। कार्यक्रम में भक्ति एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर दिलीप सिंह गहरवार, जिलाध्यक्ष, श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, मिर्जापुर ने कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले सभी सम्मानित नागरिकों, समाज के बंधुओं एवं संगठन के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी गौरवशाली संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित रहे, विनोद सिंह रविंद्रर सिंह धीरेंद्र सिंह राजेश दुबे मधुकर मिश्रा रामसुभग सिंह प्रिंस सिंहडॉक्टर अवनीश सिंह प्रांजल सिंह युवराज सिंह वैभव सिंह सुजीत वर्मा अनिल सिंह गहरवार संदीप सिंह किशन सिंह प्रदीप सिंह धर्मजीत सिंह धवल सिंह अखिलेश सिंह सैकड़ो से अधिक लोगों ने शस्त्र पूजन में उपस्थित रहे।

1884 से अनवरत चल रहा दशहरा मेला, दिखती है गंगा-जमुनी तहजीब

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । मंगलवार को श्री ककरहवा दशमी रामलीला कमेटी, शबरी द्वारा सन् 1884 से अनवरत दशहरे का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस मेले में ग्रामीण व शहरी लोगों का मिला-जुला स्वरूप देखने को मिलता है। मिर्जापुर के सबरी मोहल्ले के प्रतिष्ठित चौधरी परिवार के लोगों व मोहल्ले के लोगों द्वारा आयोजन कराया जाता है। इस मेले में गंगा-जमुनी तहजीब देखने को मिलती है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मिन्हाज अहमद छोटे खान को कमेटी के संरक्षक एवं अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संरक्षक अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, संरक्षक देवी प्रसाद चौधरी, जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी संदीप चौधरी, अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद चौधरी, कड़े प्रसाद चौधरी, जिला पंचायत सदस्य ई. कृष्ण गोपाल चौधरी, अजय चौधरी, आकाश चौधरी, आयुष्मान चौधरी, दिनेश चौधरी का सहयोग रहा।

बरियाघाट श्रीरामलीला कमेटी के दशमी मेले में 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया नयनाभिराम झांकियों का दीदार

सुनील कुमार गुप्ता
प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। बरियाघाट श्रीरामलीला कमेटी के तत्वावधान में पूर्वांचल प्रसिद्ध विजयादशमी मेला का शानदार समापन हुआ। श्री पंचमुखी महादेव जी महाराज के अद्भुत श्रृंगार के साथ श्री राम दरबार की झांकी रामटेक मन्दिर पर, श्री शीतला माता मन्दिर भव्य सजावट एवं सुग्रीव दरबार, अशोक वाटिका, रावण दरबार, रावण दरबार, सोमनाथ मन्दिर, बन बिहारध्हरियाली की झाँकी, नारी शक्ति, बजरंग बली द्वार, भैरव गुफाध्माता का दरबार, जय गणेश देवा, मीराबाई की भक्ति, बाँके बिहारी की झाँकी, द्वादश ज्योतिर्लिंग, कुचीपुड़ी नृत्य, अदलपुरा की शीतला माता, दक्षिणेश्वर काली माता की झांकी श्रद्धालुओं के लिए आस्था एवं आकर्षण का केंद्र रही।

मुख्य अतिथि साहित्यकार भारतेंदु हरिश्चंद्र की प्रपौत्र वधू श्रीमती मालिनी चौधरी ने कहाकि यह मेला नही, बल्कि महामेला है। इतनी अपार भीड यूपी के किसी भी दशमी मेले मे नही देखी। लगभग बीस लाख



भक्त मात्र सात आठ घंटे मे सुव्यवस्थित दर्शन कर रहे है, यह महादेव जी की कृपा से ही हो रहा है।

इस अवसर पर मंचासीन मुख्य अतिथि साहित्यकार भारतेंदु हरिश्चंद्र की प्रपौत्र वधू श्रीमती मालिनी चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि महिला प्रबोधिनी संस्थान की श्रीमती नंदनी मिश्रा, ज्ञानेंद्र कॉलेज की डायरेक्टर श्रीमती शीला सिंह, बिनानी कॉलेज की पूर्व प्रिंसिपल प्रोफेसर बिना सिंह , सौंदर्य विशेषज्ञ कामिनी पांडे का माल्यार्पण, अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह भेंटकर कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती रितु केसरी एवं कमेटी की वरिष्ठ महिला पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

सभी के सहयोग के लिए रामलीला कमेटी की अध्यक्ष रीतु केसरी एवं महामंत्री संतोष ऊमर ने आभार व्यक्त किया। मेले मे जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगरपालिका परिषद, बिजली विभाग एवं पत्रकार बन्धुओं का विशेष सहयोग मिला।

कोषाध्यक्ष रवींद्र कुमार गुप्ता, आकाश दुबे, सत्येंद्र कुमार पांडे, विमलेश अग्रहरि, आकाश दुबे, समीर वर्मा,विपिन पुजारी भावना बरनवाल, बीना बरनवाल, विमलेश अग्रहरि, समर चंद शर्मा, गीता केसरवानी, स्वाति केसरवानी, शोभा रानी, अनीता केसर, अर्चना गुप्ता, रुबी गुप्ता, शिखा अग्रवाल, राधेश्याम गुप्ता आदि शामिल रहे।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिस जवानों को नमन, दी गई श्रद्धांजलि

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेयध्अभय त्रिपाठी)। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन मिर्जापुर में शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कर्तव्य पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिस जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई कार्यक्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर पूनम और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक सहित पुलिस एवं पीएसी के अधिकारियों और



कर्मचारियों ने शहीद जवानों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर गार्द ने सलामी दी और शहीद पुलिसकर्मियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। पुलिस स्मृति दिवस प्रत्येक वर्ष उन वीर पुलिसकर्मियों की शहादत को याद करने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए देश और समाज की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया कार्यक्रम में 39वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक, पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी तथा पुलिस एवं पीएसी के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

मां दुर्गा को श्रद्धापूर्वक दी गई विदाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बीजपुर, सोनभद्र । रिहंद परियोजना क्षेत्र स्थित रिहंदेश्वर धाम महादेव मंदिर में बुधवार, को दोपहर में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख संजय असाटी, महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी, महाप्रबंधक हेमेश कुमार वार्ष्णेय, कीर्ति वार्ष्णेय, पूजा समिति के अध्यक्ष एवं अपर महाप्रबंधक एन.एस. कोरंगा, महासचिव विजेंद्र कुमार मीना, मानव संसाधन विभाग के प्रमुख राजेश बोईपाई, सहित अनेक पदाधिकारियों ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना एवं आरती की। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओं ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ नृत्य किया और भावपूर्ण माहौल में मां को विदाई दी। इसके पश्चात मां दुर्गा की प्रतिमा का इंटकबेल में विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा के दौरान पूरे रास्ते श्रद्धालुओं एवं सनातन धर्मावलंबियों के बीच प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के महासचिव एस. एन. पाठक, प्रमोद द्विवेदी, उदय उपाध्याय, विजय गुप्ता, अमित केशरी,अनिल त्रिपाठी, संजय कुमार, रिंकेश उपाध्याय,सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



मिर्जापुर में PET परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम ने दिए निर्देश, 24 केंद्रों पर 9,312 अभ्यर्थी होंगे शामिल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेयध्अभय त्रिपाठी)। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (च्म्ज्)-2026 को सकुशल एवं नकलविहीन संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनपद में परीक्षा 28, 30 अक्टूबर और 1 नवंबर को दो पालियों में कुल छह पालियों में आयोजित होगी। इसके लिए 24 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 9,312 अभ्यर्थी परीक्षा



देंगे। प्रथम पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तथा द्वितीय पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी।

जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली और जनरेटर सहित आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, यातायात व्यवस्था सुचारु रखने तथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अभ्यर्थियों, विशेषकर महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा के लिए उचित प्रबंध करने को कहा।उन्होंने स्पष्ट किया कि मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र और आधार कार्ड की मूल प्रति साथ लानी होगी। परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा, जिसके बाद किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी विनोद कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर योगेंद्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राज कुमार दीक्षित सहित संबंधित अधिकारी एवं केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

पीईटी-2026 परीक्षा को लेकर जनपद में तैयारियां पूर्ण, 13 परीक्षा केंद्रों पर 33,984 अभ्यर्थी होंगे शामिल

25 व 30 अक्टूबर तथा 01 नवंबर को छह पालियों में होगी प्रारंभिक अर्हता परीक्षा, प्रत्येक पाली में 5,664 अभ्यर्थी होंगे सम्मिलित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (च्म्ज्)-2026 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी शैलेष कुमार की

उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जनपद में परीक्षा के लिए कुल 13 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां प्रत्येक पाली में 5,664 अभ्यर्थी तथा सभी छह पालियों में कुल 33,984 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

परीक्षा का आयोजन 25 एवं 30 अक्टूबर तथा 01 नवंबर 2026 को दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक होगी।

जनपद के निर्धारित परीक्षा केंद्रों में बूनमैक्स कॉन्वेंट स्कूल, गोधना, जंगीगंज गोपीगंज, गुलाबधर मिश्र इंटर कॉलेज गोपीगंज, काशीराम राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर के ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-बी, मदर हलीमा पब्लिक स्कूल मर्यादपट्टी, पीएम विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज ज्ञानपुर, इन्द्रबहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज भदोही, सेंट थॉमस स्कूल गोपीगंज, सेंट थॉमस स्कूल बेदपुर ज्ञानपुर, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज गोपीगंज, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज ज्ञानपुर, श्री काशीराज महाविद्यालय इण्टर कॉलेज और टेंडर हार्ट पब्लिक स्कूल घोसिया औराई शामिल हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी परीक्षा केंद्रों पर शौचालय, पेयजल, जनरेटर, विद्युत व्यवस्था एवं भवन की आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराई गई हैं। परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। परीक्षा केंद्रों एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पर्याप्त सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती के लिए पुलिस अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों के आवागमन को देखते हुए रेलवे स्टेशन, रोडवेज तथा प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही परीक्षा के दौरान गोपनीय परीक्षा सामग्री को सुरक्षित रखने के लिए कोषागार के डबल लॉक में पर्याप्त स्थान की व्यवस्था की गई है। 01 नवंबर 2026 को परीक्षा समाप्त होने के उपरांत गोपनीय परीक्षा सामग्री को आयोग मुख्यालय तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए मजिस्ट्रेट की तैनाती भी सुनिश्चित कर दी गई है। इसके अतिरिक्त सभी परीक्षा केंद्रों पर 50 प्रतिशत बाह्य कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गई है, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

जिलाधिकारी ने परीक्षा कार्य में लगे सभी केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, कक्ष निरीक्षकों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को समयबद्ध ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुचिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

महिलाओं को कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी, भदोही में मिशन शक्ति अभियान के तहत सरकारी योजनाओं पर जागरूकता अभियान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही में श्मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0श् चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के निर्देश पर यह अभियान चल रहा है। आज सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और चौकियों ने बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस टीमों ने महिलाओं और लड़कियों से सीधा संवाद किया। उन्हें छेड़छाड़, उत्पीड़न, साइबर अपराधों से बचने के तरीके बताए गए। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि वे बिना डर के अपनी बात साझा कर सकती हैं। इस दौरान महिलाओं के लिए सरकारी योजनाओं, पॉक्सो एक्ट और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई।

कोर्ट के आदेश पर दम्पति समेत चार लोगों के विरुद्ध एफआईआर होगी दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोनभद्र। करीब तीन माह पूर्व मारकुंडी घाटी में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई पति-पत्नी की मौत के मामले में सीजेएम न्यायाधीश पंकज की अदालत ने चोपन थानाध्यक्ष को दम्पति समेत चार लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना करने अथवा कराने के साथ ही एक सप्ताह के भीतर कृत कार्यवाही से यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया है। यह आदेश रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के तिरनाही गांव के निवासी बुल्लू यादव पुत्र नन्दू यादव द्वारा फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता रोशनलाल यादव के जरिए दाखिल 173(4) बीएनएसएस प्रार्थना पत्र पर दिया गया है।

दिए प्रार्थना पत्र में बुल्लू यादव ने अवगत कराया है कि उसके इकलौते लड़के राहुल यादव की शादी 6 मई 2026 को इंद्रावती उर्फ इंदु उर्फ चंदा पुत्री बबुन्दर यादव निवासी बरवा टोला सलखन, थाना चोपन, जिला सोनभद्र के साथ हुई थी। इंदु उर्फ चंदा शादी से पहले करीब 5 वर्ष तक डॉक्टर राम भरोसे उर्फ राजबीर के निजी अस्पताल में नर्स का काम करती थी। बाद में रॉबर्ट्सगंज में दूसरे अस्पताल में नर्स का काम करने लगी। इंदु उर्फ चंदा महज 10 दिन ही ससुराल में रही। विदायी न होने की वजह से चंदा सलखन से ही रोज रॉबर्ट्सगंज अस्पताल आती थी। जिसे दहेज में ससुराल से मिली बाईक से राहुल छोड़ने जाता था। घटना के कुछ दिन पहले राहुल को धमकी मिली थी कि इंदु उर्फ चंदा के ऊपर ज्यादा निगरानी रखने पर ठीक नहीं होगा। यह बात राहुल अपनी मां से बताया था और डर की वजह से कभी कभी चंदा को छोड़ने जाने लगा था। 8 जुलाई 2026 को राहुल चंदा से मिलने की बात कहकर गया,लेकिन शाम तक लौटा नहीं। 12 जुलाई 2026 को पता चला कि चंदा व राहुल की लाश मारकुंडी घाटी में मिली है। मौके पर जाने पर देखा गया कि बाइक को खरोंच तक नहीं आई थी और चंदा और राहुल की लाश को जलाया गया था।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा गलत नाम BADIUNA NISHA गलत है जो सही नाम BADIUN NISHA है हिंदी में नाम सही है अंग्रेजी में नाम गलत है भविष्य में मुझे मेरे सही नाम बदीउन निशा से जाना व पहचाना जाए। बदीउन निशा पत्नी शबाहत उल्ला निवासी 47/7B/2, चकरधुनाथ नैनी नैनी इलाहाबाद उत्तर प्रदेश 211008 है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

पहले मानवता फिर परंपरा, एंबुलेंस के लिए सीएम ने रुकवाई विजयादशमी शोभायात्रा

सायरन सुनते ही ठहरे योगी, मरीज के लिए खाली कराई सड़क

लखनऊ,संवाददाता। विजयादशमी के पावन पर्व पर नाथपंथ के विश्व प्रसिद्ध केंद्र गोरक्षपीठ से निकली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय ने मानवता की सेवा का आदर्श प्रस्तुत किया है। उनके निर्णय ने यह संदेश भी दिया कि किसी भी परंपरा से पहले किसी की जिंदगी बचाना सबसे जरूरी है। विजयादशमी शोभायात्रा के दौरान गोरखनाथ मंदिर के मुख्य द्वार से आगे श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और सख्त सुरक्षा घेरे के बीच जैसे ही एक एंबुलेंस का सायरन सुनाई दिया, मुख्यमंत्री ने परंपरा और प्रोटोकॉल से ऊपर मानवीय जीवन को प्राथमिकता देते हुए शोभायात्रा को तुरंत रुकवा दिया। उनके निर्देश पर एंबुलेंस को रास्ता दिया गया और उसके बाद शोभायात्रा आगे बढ़ी। गोरखनाथ मंदिर से गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में पारंपरिक विजयदशमी शोभायात्रा आगे बढ़ रही थी। मंदिर के मुख्य द्वार के आगे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी थी। इसी दौरान एक गंभीर मरीज को ले जा रही एंबुलेंस वहां पहुंच गई और भीड़ के कारण फंसने लगी। जैसे ही सीएम योगी के वाहन तक सायरन की आवाज पहुंची, उन्होंने तत्काल अपने सुरक्षाकर्मियों को एंबुलेंस के लिए रास्ता बनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री का संकेत मिलते ही सुरक्षाकर्मियों ने मुस्तैदी दिखाई और शोभायात्रा की गति को वहीं थाम दिया। मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं और नागरिकों ने भी सीएम की इस पहल को समझते हुए तुरंत सहयोग किया और रास्ता खाली कर दिया। भारी भीड़ और तंग व्यवस्था के बावजूद एंबुलेंस बिना किसी रुकावट के सुरक्षित निकल गई। एंबुलेंस के आगे बढ़ जाने के बाद ही शोभायात्रा अपने तय मार्ग पर पुनः आगे बढ़ी। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल



मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इंटरनेट यूजर्स और आम जनता मुख्यमंत्री की इस मानवीय पहल की जमकर सराहना कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इतने बड़े धार्मिक आयोजन और भारी भीड़ के बीच वीआईपी प्रोटोकॉल को दरकिनार कर एक आम मरीज की जान को प्राथमिकता देना सच्चे नेतृत्व और संवेदनशीलता की पहचान है।

स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला

लखनऊ,संवाददाता। गोमतीनगर में बुधवार को अनुशासन और एकजुटता का नजारा देखने को मिला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 101वें स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला गया। बैंड की धुन पर पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवक कदमताल करते हुए आगे बढ़े। घोष की धुनों के बीच पूरा क्षेत्र संघमय नजर आया। पथ संचलन का शुभारंभ गोमतीनगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विद्यापीठ परिसर से हुआ। यहां बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एकत्र हुए। इसके बाद तय रूट पर संचलन शुरू हुआ। स्वयंसेवक अनुशासित कतारों में आगे बढ़ते रहे। संचलन मनोज कुमार पांडे चौराहे तक पहुंचा। यहां लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कई जगह नागरिक सड़क किनारे खड़े नजर आए। उन्होंने हाथ हिलाकर और तालियां बजाकर स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाया।इसके बाद स्वयंसेवक वापस केंद्रीय संस्कृत विद्यापीठ परिसर पहुंचे। यहां पथ संचलन का समापन किया गया। नगर संघ चालक महेश ने कहा कि संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक देश और समाज के लिए समर्पित है। पथ संचलन सिर्फ अनुशासन का प्रदर्शन नहीं है। यह वैचारिक एकजुटता और राष्ट्रसेवा के संकल्प का भी प्रतीक है। समाज को संगठित और सशक्त बनाना संघ का मुख्य ध्येय है। नगर कार्यवाह राजीव ने कहा कि संघ 101वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। युवा पीढ़ी में अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का भाव दिखाई दे रहा है। यह हमारी संस्कृति और संस्कारों की मजबूती को दिखाता है। समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाना सभी की जिम्मेदारी है। पथ संचलन में बाल स्वयंसेवकों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक ने हिस्सा लिया। सभी एक जैसी गणवेश में नजर आए। कतारों की एकरूपता और कदमताल का तालमेल आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। संघ के स्थानीय पदाधिकारी और प्रचारक शामिल हुए।

कांग्रेस का दावा-पीलीभीत में 13150 मुसलमान वोटरों के नाम बदले

लखनऊ,संवाददाता। यूपी कांग्रेस ने आज, 21 अक्टूबर को लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगाए। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि पीलीभीत सदर विधानसभा सीट पर करीब 13,150 मतदाताओं के एपिक (ईपीआईसी) नंबर एक जैसे हैं। लेकिन उनके नाम और पिता के नाम बदल दिए। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा 10 अप्रैल 2026 को यूपी में फाइनल ड्राफ्ट लिस्ट आने के बाद, जुलाई से सितंबर के बीच बिना किसी फॉर्म 6 या फॉर्म 7 के आधार पर वोटरों के नाम बदले गए। एक ही एपिक नंबर पर मतदाता का असली नाम हटाकर दूसरा नाम दर्ज कर दिया गया। उदाहरण के तौर पर मोहम्मद यूसुफ की जगह असलम नाम दर्ज कर दिया गया। सुप्रिया श्रीनेत का आरोप है कि यह बदलाव एक खास पैटर्न के तहत मुख्य रूप से मुस्लिम समुदाय के पुरुष वोटरों के साथ किया गया है, ताकि परिवार का मुखिया वोट डालने न जा सके। इस दौरान पीलीभीत सदर सीट पर 2,600 नए वोटर बिना प्रक्रिया के जोड़े गए और 804 वोटरों के नाम काट दिए गए। सुप्रिया ने इलेक्शन कमीशन के चीफ ज्ञानेश कुमार और टेक्निकल हेड सीमा खन्ना पर निशाना साधा। प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि 2022 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने यह सीट सिर्फ 6,920 वोटों से जीती थी। चुनाव आयोग का यह एक ऐसा कारनामा है जिससे किसी को भी आसानी से हराया या जिताया जा सकता है। कांग्रेस फिलहाल प्रदेश की 25 अन्य विधानसभा सीटों पर भी मतदाता सूची की बारीकी से जांच कर रही है।सुप्रीम कोर्ट को तुरंत इस मामले का संज्ञान लेकर पूरी प्रक्रिया पर रोक लगानी चाहिए। आम जनता अपना एपिक नंबर जरूर चेक करे, अगर गड़बड़ी मिले तो कांग्रेस के जिला या प्रदेश दफ्तर से संपर्क करें। जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम) और एसडीएम आगे आएं और सॉफ्टवेयर का एक्सेस मांगकर वोटर लिस्ट की गलतियों को दुरुस्त करें। प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि पार्टी इस पूरी धांधली के खिलाफ कोर्ट जाएगी। जैसे दिल्ली में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, उसी तरह उत्तर प्रदेश के हर जिले में कांग्रेस इस मामले को लेकर सड़क से लेकर कोर्ट तक लड़ाई लड़ेगी। वहीं, सांसद इमरान मसूद ने पीलीभीत के स्थानीय कार्यकर्ताओं की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने बेहद बारीकी से इस गड़बड़ी को पकड़ा है, वरना आम जनता को पता ही नहीं चलता कि उनके वोट के साथ क्या खेल हो चुका है।

पारिवारिक विवाद में अधिवक्ता पर कुल्हाड़ी से हमला,इलाज के दौरान तोड़ा दम

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में चाचा को समझाने पहुंचे 30 वर्षीय अधिवक्ता दिव्यांशु मिश्रा उर्फ शुभम की हमले में मौत हो गई। आरोप है कि पारिवारिक विवाद के दौरान चाचा गुड्डन मिश्रा उर्फ अजय मिश्रा ने उन पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल दिव्यांशु ने मंगलवार को मड़ियांव क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना में गुड्डन मिश्रा भी घायल हुए हैं। परिजनों के मुताबिक, गुड्डन नशे की हालत में पत्नी से विवाद करते थे और अपनी जमीन बेच रहे थे। इसी को लेकर दिव्यांशु उन्हें समझाने पहुंचे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना महिगवां थाना क्षेत्र की है।

लखनऊ के चर्चित शिवा शर्मा हत्याकांड में 50 हजार की इनामी मॉडल श्रद्धा दुबे नागपुर से गिरफ्तार

लखनऊ,संवाददाता। लखनऊ के बहुचर्चित शिवा शर्मा मौत मामले में पुलिस और यूपी एसटीएफ को एक बहुत बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। घटना के बाद से लगातार अपनी लोकेशन बदलकर पुलिस को चकमा दे रही 50 हजार की इनामी मुख्य आरोपी मॉडल श्रद्धा दुबे को नागपुर से धर दबोचा गया है। नागपुर पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम और यूपी एसटीएफ पिछले कई दिनों से लगातार इस ऑपरेशन पर काम कर रही थीं, जिसके बाद आखिरकार आरोपी को नागपुर–वर्धा रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के सामने आने के बाद से ही श्रद्धा दुबे और अन्य नामजद आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने शिकंजा कसते हुए



उनपर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था और कोर्ट से गैर–जमानती वारंट भी जारी कराए गए थे। जांच के दौरान पुलिस को इनपुट मिला था कि आरोपी नेपाल भागने की फिराक में हैं, जिसके बाद बहराइच के रुपईडीहा बॉर्डर और कई अन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश दी गई थी। आखिरकार सटीक इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे नागपुर से दबोच लिया। गिरफ्तारी से कुछ दिन पहले ही आरोपी श्रद्धा दुबे ने मीडिया के सामने आकर अपनी सफाई पेश की थी। उसने दावा किया था कि शिवा शर्मा की मौत हत्या नहीं बल्कि आत्महत्या थी और सीसीटीवी फुटेज से उसकी बेगुनाही साबित हो जाएगी। वहीं दूसरी ओर, मृतक शिवा के परिजनों ने शुरू से ही संगीन आरोप लगाए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर 11 गंभीर बाहरी चोटों, पसलियों और जबड़े टूटने के अलावा अंदरूनी रक्तस्राव की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने इसे हत्या मानते हुए अपनी जांच का दायरा बढ़ाया था। नागपुर में गिरफ्तारी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस और एसटीएफ की टीम आरोपी श्रद्धा दुबे को स्थानीय अदालत में पेश करेगी। वहां से ट्रांजिट रिमांड हासिल करने के बाद उसे लखनऊ लाया जाएगा। लखनऊ आने के बाद पुलिस उससे पूछताछ करेगी, जिसमें इस पूरे सनसनीखेज मामले से जुड़े कई और बड़े और चौकाने वाले राजफाश होने की पूरी उम्मीद है।

204 टीएचआर इकाइयों से 4,080 महिलाओं को रोजगार, 3,104.23 करोड़ मूल्य का उत्पादन

पोषण अभियान, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण आजीविका को मिल रही नई गति

लखनऊ,संवाददाता। प्रदेश के 43 जिलों में संचालित 204 टीएचआर इकाइयों से 4,080 महिलाओं को रोजगार मिला है। स्वयं सहायता समूहों ने अब तक 3,104.23 करोड़ मूल्य का टीएचआर उत्पादन कर 68.8 करोड़ से अधिक की आय अर्जित की है। इससे ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूती मिल रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दिशा–निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन स्वयं सहायता समूहों को आजीविका के स्थायी अवसरों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। टीएचआर उत्पादन इकाइयां इस प्रयास का सशक्त उदाहरण हैं, जहां महिला समूह पोषण सेवाओं की आपूर्ति में योगदान देने के साथ रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।प्रदेश के 43 जनपदों के 328 विकास खंडों में संचालित 204 टीएचआर उत्पादन इकाइयों के माध्यम से लगभग 70 हजार से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रतिमाह 50 लाख से अधिक लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अनुपूरक पोषण उपलब्ध कराया जा रहा है। यह व्यवस्था महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी को जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से जोड़ते हुए पोषण सेवाओं की आपूर्ति और ग्रामीण रोजगार, दोनों को एक साथ आगे बढ़ा रही है। टीएचआर उत्पादन के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों ने अब तक लगभग 4.37 लाख मीट्रिक टन उत्पादन किया है, जिसका कुल मूल्य 3,104.23 करोड़ है। टीएचआर उत्पादन गतिविधियों से अब तक 4,080 महिलाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है और उनकी कुल आय 68.8 करोड़ से अधिक रही है। इससे महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ने के साथ परिवार की आय में सहयोग, आत्मविश्वास में वृद्धि और समाज में सम्मानजनक पहचान बनाने के अवसर सृजित हुए हैं। यह पहल ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने, महिला समूहों की उद्यमशीलता विकसित करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ समुदाय तक पहुंचाने का प्रभावी उदाहरण है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि स्वयं सहायता समूहों की क्षमता का उपयोग करते हुए ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराए जाएं, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बनें और ग्रामीण विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। टीएचआर उत्पादन इकाइयों की उपलब्धियां इस बात को रेखांकित करती हैं कि जब सरकारी योजनाओं को स्थानीय जरूरतों और महिला समूहों की भागीदारी से जोड़ा जाता है, तो जनकल्याण के साथ रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के लक्ष्य भी मजबूत होते हैं। यह प्रयास आत्मनिर्भर गांवों और सशक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

राजा भैया के घर पहुंचे बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, 2027 से पहले नए सियासी समीकरणों की चर्चा तेज

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष और कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया से लखनऊ स्थित उनके आवास 'रामायण' पर मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद प्रदेश की राजनीति में संभावित नए समीकरणों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, बीजेपी की ओर से इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया है और अभी तक किसी गठबंधन या चुनावी समझौते की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लखनऊ में राजा भैया के आवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ला भी मौजूद रहे। बैठक का समय खास है, क्योंकि प्रदेश में विधान परिषद की 11 स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की सीटों पर 23 अक्टूबर को मतदान होना है। ऐसे में मुलाकात को मौजूदा डस्रू चुनाव और आगामी विधानसभा चुनाव की राजनीतिक गतिविधियों से जोड़कर देखा जा रहा है। बीजेपी ने इस मुलाकात को औपचारिक बताया है। इसके बावजूद राजनीतिक गलियारों में यह सवाल उठ रहा है कि क्या दोनों पक्षों के बीच भविष्य में किसी मुद्दे पर तालमेल की गुंजाइश बन सकती है। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 11 सीटों के लिए 23 अक्टूबर को मतदान होना है। इनमें पांच स्नातक और छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की सीटें शामिल हैं। इन चुनावों में बीजेपी और समाजवादी पार्टी समेत विभिन्न दलों के उम्मीदवार मैदान में हैं। लखनऊ स्नातक सीट से समाजवादी पार्टी ने कांति सिंह को उम्मीदवार बनाया है। वह प्रतापगढ़ से सपा सांसद एसपी सिंह पटेल की पत्नी हैं। प्रतापगढ़ और कुंडा की राजनीति में राजा भैया की लंबे समय से महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसी वजह से बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष की उनसे मुलाकात को मौजूदा चुनावी माहौल के संदर्भ में भी देखा जा रहा है। हालांकि, इस मुलाकात में एमएलसी चुनाव को लेकर क्या बातचीत हुई, इसकी विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जरिए अपनी अलग राजनीतिक पहचान बनाई है। वह कुंडा विधानसभा सीट से लगातार चुनाव जीतते रहे हैं और प्रतापगढ़ के आसपास के क्षेत्रों में उनका राजनीतिक प्रभाव रहा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में राजा भैया ने कुंडा सीट से सातवीं बार जीत दर्ज की थी। बाबागंज क्षेत्र में भी उनके समर्थित उम्मीदवारों की भूमिका चर्चा में रही है। ऐसे में 2027 के चुनाव से पहले स्थानीय राजनीतिक समीकरणों को लेकर उनकी भूमिका पर नजर रखी जा रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में राजा भैया ने कौशांबी सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार पुष्पेंद्र सरोज को समर्थन दिया था। उस चुनाव में उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सीटों की संख्या 2019 के मुकाबले कम हुई थी। अब आगामी विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी संगठन और क्षेत्रीय समीकरणों को मजबूत करने में जुटी है। राजा भैया की राजनीति का प्रमुख आधार कुंडा और बाबागंज क्षेत्र रहा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने कुंडा सीट से गुलशन यादव को उम्मीदवार बनाकर उन्हें चुनौती दी थी।

संक्षिप्त

ऐशबाग रामलीला में 75 फीट के रोबोटिक रावण का दहन,राम ने क्रेन पर चढ़कर मारा तीर

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के ऐशबाग रामलीला मैदान में मंगलवार को दशहरे पर 75 फीट के रोबोटिक रावण का दहन किया गया। रावण वध का मंचन देखने के लिए 4 हजार से अधिक लोग पहुंचे। इस दौरान क्रेन पर सवार होकर भगवान श्रीराम ने रावण पर तीर मारा। तीर लगते ही रावण का पुतला धू–धूकर जल उठा। इस दृश्य को देखकर मैदान में मौजूद दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। रोबोटिक रावण और क्रेन के जरिए किए गए मंचन ने लोगों का ध्यान खींचा। रावण दहन के साथ ही मैदान में उत्साह का माहौल बन गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने इस आयोजन को देखा और अपने मोबाइल में यादगार पलों को कैद किया। इस दौरान दर्शकों और पुलिस के बीच धक्का–मुक्की भी देखने को मिला। शहर में करीब 200 जगहों पर रावण का पुतला जलाया गया। ऐशबाग रामलीला में रावण दहन देखकर उत्साह के साथ दर्शक बाहर निकले। रावण वध होने पर दर्शकों ने जय श्री राम का उद्घोष किया। रामलीला में आए दर्शकों ने कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य की जीत होती है। इससे हम सभी को सीख मिलता है कि सच्चाई के साथ रहना चाहिए। ऐशबाग रामलीला मैदान में दशहरे पर रावण वध का मंचन आकर्षण का केंद्र रहा। क्रेन के जरिए भगवान श्रीराम को रावण वध के लिए ले जाया गया। इस दृश्य को देखने के लिए मैदान में मौजूद दर्शकों में खासा उत्साह दिखाई दिया। जैसे ही श्रीराम ने रावण का वध किया, जय श्रीराम के जयकारों से परिसर गूंज उठा। ऐशबाग रामलीला मैदान में दशहरे पर क्रेन के जरिए भगवान श्रीराम को रावण वध के लिए ले जाया गया। इस दौरान नीचे मौजूद दर्शकों ने जय श्री राम का जयकारा लगाया। दर्शकों ने इस दृश्य को अपने मोबाइल में कैद किया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के दुबग्गा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह सीतापुर बाईपास के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। युवक काकोरी से लखनऊ मजदूरी करने जा रहा था। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान श्रवण राजपूत (30) के रूप में हुई है। वह स्वर्गीय धनीराम का बेटा और आबिदखेड़ा, थाना काकोरी, लखनऊ का रहने वाला था। श्रवण राजमिस्त्री का काम करता था और अविवाहित था। बुधवार सुबह करीब 7.30 बजे वह काम के लिए घर से निकला था। सीतापुर बाईपास के पास अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची दुबग्गा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। श्रवण की मौत की खबर से परिवार में गम का माहौल है। दुबग्गा थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

लखनऊ,संवाददाता। पारा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह बुद्धेश्वर मंदिर दर्शन करने जा रहे 75 वर्षीय बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत हो गई। सड़क पार करते समय किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गिरकर पहिये के नीचे आ गए। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को पुलिस ने उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान पारा के उत्तमनगर लोधी भवन के रहने वाले हीरालाल (75) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से उन्नाव जनपद के रहने वाले थे। बुधवार सुबह करीब आठ बजे वह घर से बुद्धेश्वर मंदिर में दर्शन करने के लिए निकले थे। इसी दौरान सड़क पार करते समय अज्ञात डाले ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पारा पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायल हीरालाल को पारा स्थित संकल्प हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, हीरालाल पहले राजगीर का काम करते थे। उनकी आंखों की रोशनी भी कमजोर थी। मृतक के 3 बेटे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस के अनुसार, शव के संबंध में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। हादसे में शामिल अज्ञात डाले के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। परिजनों की ओर से प्रार्थना पत्र मिलने के बाद नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार को रावण बना कर पुतला जलाया

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में मंगलवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने यूथ कांग्रेस कार्यालय पर रावण के पुतले में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तस्वीर लगाकर दहन किया। पोस्टर लगाकर लिखा–आज का रावण ज्ञानेश कुमारश। भाजपा और ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज के दिन को अहंकार पर सत्य के विजय के रूप में मनाते हैं इसलिए ज्ञानेश कुमार का अहंकार बढ़ गया है, जिसे आज हम सभी कार्यकर्ताओं ने जलाया है। कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार लोगों के मतों को छीनने का काम कर रहे हैं। एनएसयूआई सचिव आशुतोष मिश्रा ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला हम लोगों ने जलाया है। उनका अभिमान बहुत बड़ा हो गया है। देश के नेता विपक्ष राहुल गांधी उनसे इस संबंध में जब पूछते हैं तो कोई जवाब नहीं देते हैं। आज के दिन को अहंकार पर सत्य के विजय के रूप में मनाते हैं। आज ज्ञानेश कुमार में विपक्ष की नजर अंदाज करने और दबाने का काम कर रहे हैं। इनके अंदर प्रतीकात्मक रूप से रावण कि छवि दिखती है। उसी रावण की छवि को दहन करने का काम किया है। एनएसयूआई के अखिलेश यादव ने कहा कि आज विजयदशमी का बुराई पर सच्चाई का दिन है। हम पूरे देश को संदेश देना चाहते है कि ज्ञानेश कुमार देश के वोटरों के खिलाफ काम रहे हैं। उनके अंदर अहंकार भर गया है, इसलिए उनका पुतला जलाया है। ज्ञानेश को इस्तीफा देना पड़ेगा देश कि और वोटरों की जीत होगी। आज ये लोगों के मतों को छीनकर सबसे बड़ा नुकसान कर रहे है।

बढ़नी में मूर्ति विसर्जन के दौरान एक ही समुदाय के दो पक्षों में भिड़ंत

पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग कर संभाले हालात, अधिकारियों के फ्लैग मार्च और सख्त पहरे के बीच देर रात हुआ विसर्जन

ओज़ैर खान, ब्यूरो प्रमुख, प्रातःकाल एक्सप्रेस





सिद्धार्थनगर : जनपद के नगर पंचायत बढ़नी में विजयदशमी के अवसर पर मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान मालगोदाम तिराहे के पास एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच अचानक कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने लगी। विसर्जन मार्ग पर आम नागरिकों, महिलाओं व श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा हालात को गंभीर होने से रोकने के लिए मौके पर मौजूद पुलिस को मजबूरन कानूनन आवश्यक बल प्रयोग (लाठी फटकारना) करना पड़ा। समय रहते पुलिस द्वारा उठाए गए इस कदम से उपद्रवियों को तुरंत तितर-बितर कर दिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा और अप्रिय घटना टल गई।

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसडीएम शोहरतगढ़ रवीश कुमार गुप्ता, तहसीलदार सहित राजस्व विभाग, पुलिस व अभिसूचना की टीमें तुरंत सक्रिय होकर मौके पर डट गईं। इसके साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी, सीओ सदर विश्वजीत शौर्यान, सीओ इटवा पवीन प्रकाश और क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश वर्मा के नेतृत्व में ढेबरुआ, शोहरतगढ़, कठेला समय माता, गोल्हौरा, त्रिलोकपुर, उसका बाजार, कपिलवस्तु कोतवाली तथा महिला थाना सिद्धार्थनगर सहित कई थानों की फोर्स, एक गाड़ी पीएसी बल व अतिरिक्त यूपी पुलिस फोर्स भी देर रात्रि मौके पर पहुंच गई। प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने कस्बे में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए मालगोदाम तिराहे से रामलीला मैदान तक पैदल मार्च निकाला और स्थानीय नागरिकों से सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

कस्बे से लेकर विसर्जन स्थल तक चप्पे-चप्पे पर प्रशासनिक मुस्तैदी, खुफिया नजर, पीएसी व पुलिस बल की सख्त तैनाती के बीच चरगहवा नदी में देर रात्रि लगभग सुबह 3 बजे तक जयकारों के बीच प्रतिमाओं का शांतिपूर्ण विसर्जन संपनन कराया गया। वर्तमान में कस्बे में स्थिति पूरी तरह सामान्य व नियंत्रण में है।

इसी दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि के साथ भी अभद्रता और मारपीट की घटना सामने आई। चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने ढेबरुआ थाने में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जब वह मालगोदाम चौराहे पर प्रसाद वितरण कर रहे थे, तभी पंकज चतुर्वेदी, जयन्त पाण्डेय, अभिषेक चतुर्वेदी, भोला पाण्डेय, रामभवन यादव तथा लगभग दो दर्जन अज्ञात लोगों ने एकराय होकर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर जानलेवा हमला कर दिया। उन्होंने मारपीट, गाली-गलौज, दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त करने तथा सोने की चेन व नकदी छीनने का आरोप लगाते हुए विधिक कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, दूसरे पक्ष के पंकज चतुर्वेदी ने अपने ऊपर लगे आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए साजिश के तहत फंसाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व उनके भाई प्रिंस चतुर्वेदी, रवि गौतम व अन्य के साथ कस्बे के अभिषेक यादव व करन यादव आदि द्वारा मारपीट की गई थी, जिसका मुकदमा ढेबरुआ थाने में दर्ज कराया गया था। आरोप है कि उसी रंजिश को लेकर विसर्जन के दौरान चेयरमैन पक्ष से जुड़े लोगों द्वारा विवाद खड़ा किया गया, जिसके बाद पुलिस ने उनके रिश्तेदार को गाड़ी में बैठा लिया। जब वह मौके पर जानकारी लेने और पूछताछ करने पहुंचे, तो वहां कहासुनी और विवाद की स्थिति उत्पनन हो गई। बहरहाल, घटना के पीछे की असली सच्चाई क्या है, यह तो निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

मामले में ढेबरुआ थानाध्यक्ष चन्द्रकांत पाण्डेय ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष की तहरीर प्राप्त हो गई है, जिसके आधार पर नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

त्योहार में खलल डालने वालों पर होगी कठोर कानूनी कार्रवाईः सीओ

क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी ने स्पष्ट कहा कि त्योहार के दौरान अशांति फैलाने और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी अराजक तत्व को कतई बख्शा नहीं जाएगा। घटना में शामिल सभी उपद्रवियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने नागरिकों से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की।

डीजे की तेज आवाज के बीच दो दिन के नवजात की मौत, पिता ने पुलिस को दी तहरीर

पीस कमेटी के निर्देशों की अवहेलना कर देर रात तक बजा डीजे; दूध पीते समय चीख पड़ा था बच्चा, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। ढेबरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत बढ़नी कस्बे के वार्ड नंबर 9 (रामजानकी मंदिर के समीप) में दो दिन के नवजात शिशु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। परिजनों ने घर के बाहर तेज आवाज और कंपन के साथ बज रहे डीजे को बच्चे की मौत की वजह बताते हुए थाने में तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराने और कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 9 निवासी जावेद मनिहार पुत्र सई मोहम्मद के घर बीते 18 अक्टूबर को बच्चे का जन्म हुआ था। 20 अक्टूबर की रात करीब 11 से 11:30 बजे के बीच घर के बाहर दो डीजे एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हुए बेहद तेज आवाज में बज रहे थे। परिजनों का आरोप है कि डीजे का शोर और बेस इतना अधिक था कि पूरा मकान कांप रहा था।

परिजनों के अनुसार, उस समय मां बच्चे को दूध पिला रही थी। तभी अचानक कानफोड़ू आवाज के बीच बच्चा जोर से चीख पड़ा और उसके बाद उसने कोई हरकत नहीं की। आनन-फानन में देखने पर पता चला कि नवजात की सांसें थम चुकी थीं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए रात करीब 2:15 बजे क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी भारी पुलिस बल के साथ पीडि़त परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से घटना की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक विधिक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय ने बताया कि पिता की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही और स्पष्ट कारणों का पता चल सकेगा, जिसके आधार पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, घटना के बाद कस्बे के प्रबुद्ध नागरिकों और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि त्योहार से पूर्व आयोजित पीस कमेटी (शांति समिति) की बैठक में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी ने तेज आवाज और भीषण कंपन वाले डीजे से दिल के मरीजों, नवजात शिशुओं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों और गर्भवती महिलाओं को होने वाले जानलेवा खतरों के बारे में विस्तार से समझाया था। उन्होंने स्पष्ट किया था कि डीजे का तीव्र बेस और कानफोड़ू ध्वनि दिल के मरीजों में अचानक घबराहट, धड़कन का अनियंत्रित होना और हार्ट अटैक तक का कारण बन सकती है। इसके साथ ही उन्होंने सभी से त्योहार को शांति और हर्षोल्लास के साथ मनाने तथा निर्धारित ध्वनि मानकों व समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने की सख्त हिदायत दी थी।

इसके बावजूद डीजे संचालकों द्वारा प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के निर्देशों की खुलेआम अवहेलना की गई। देर रात तक मानकों की धज्जियां उड़ाकर बजाए जा रहे बेलगाम डीजे पर स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

अम्बेडकर सभागार में किसान दिवस आयोजित, डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगरः कलेक्ट्रेट स्थित अम्बेडकर सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में 'किसान दिवस' का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिन्हें डीएम ने गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

कार्यक्रम की शुरुआत में उप कृषि निदेशक ने पिछली बैठक की कार्यवृत्त प्रस्तुत की, जिसके तहत अधिकांश पुरानी शिकायतों का सफल निस्तारण कराया जा चुका है। बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि वे अपनी समस्याएं लिखित रूप में दर्ज कराएं, ताकि संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर उनका प्रभावी समाधान कराया जा सके। डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को किसान दिवस



में स्वयं अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की हिदायत दी।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से पीएम किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री, बिजली बिल, खाद-बीज और सिंचाई से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी व कृषि योजनाओं का लाभ हर हाल में अंतिम छोर पर खड़े पात्र किसानों तक पहुंचना चाहिए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के अंत में जिला कृषि अधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं किसान बंधुओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी रवि शंकर पाण्डेय, सहायक निदेशक मत्स्य नन्द किशोर, एआर को-ऑपरेटिव प्रकाश बहादुर गौतम सहित भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी, प्रगतिशील किसान और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बिजली स्टोर में किसकी हुकूमत? आउटसोर्सिंग कर्मी को प्रभार देने का मामला शासन तक पहुंचा

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

पडरौना, कुशीनगर। पडरौना विद्युत उपकेन्द्र स्टोर में आउटसोर्सिंग कर्मचारी अमित सिंह को नियम विरुद्ध स्टोर का प्रभार सौंपने और स्टोर प्रभारी योगेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा अपनी यूजर आईडी-पासवर्ड देने का मामला अब शासन तक पहुंच गया है। भ्रष्टाचार अन्वेषण एवं मानवाधिकार परिषद ने प्रमुख सचिव ऊर्जा और यूपीपीसीएल अध्यक्ष को शिकायत भेजकर विजिलेंस जांच की मांग की है। शिकायत में सवाल उठाया गया है कि अमित सिंह को स्टोर का प्रभार किस नियम और किस सक्षम अधिकारी की अनुमति से सौंपा गया। शिकायत में योगेन्द्र गुप्ता की यूजर आईडी की लॉगिन हिस्ट्री, ऑडिट ट्रेल, आईपी एड्रेस और डिवाइस विवरण की तकनीकी जांच की मांग की गई है। साथ ही स्टोर के स्टॉक रजिस्टर, सामग्री प्राप्ति-निर्गमन रजिस्टर, गेट पास और डिजिटल रिकॉर्ड का भौतिक सत्यापन कराने की भी मांग उठाई गई है। शिकायतकर्ता ने योगेन्द्र गुप्ता के देवरिया और गोरखपुर स्टोर के अतिरिक्त प्रभार की भी जांच कराने को कहा है। परिषद ने स्थानीय जांच के बजाय यूपीपीसीएल विजिलेंस से स्वतंत्र जांच कराने और जांच पूरी होने तक सभी डिजिटल लॉग सुरक्षित रखने की मांग की है।

एमएलसी चुनाव में शिक्षकों का असमंजसः अंतरात्मा की आवाज़ बनाम राजनीतिक जंजीरें

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। एमएलसी का चुनाव 23 अक्टूबर 2026, शुक्रवार को होना तय हुआ है। राजनीतिक दलों समर्थित उम्मीदवारों से लेकर निर्दलीय (आज़ाद) प्रत्याशियों तक, सभी ने अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास झोंक दिए है। लेकिन अब तक असमंजस और कशमकश का माहौल बना हुआ है।

देश की राजनीतिक पाटिर्यों ने भ्रम की स्थिति पैदा कर रखी है। वे अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन करने और अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए देश के हर छोटे-बड़े चुनाव में उतरकर समाज के हर वर्ग के अधिकारों का फैसला अपनी मुट्ठी में करना चाहती है। जिस तरह राजनीतिक दलों ने आम नागरिकों के अधिकारों पर डाका डाला है, ठीक उसी तरह शिक्षकों के अधिकारों पर कब्ज़ा ज़माने के लिए वे एमएलसी चुनाव में अपने-अपने प्रतिनिधि उतारकर आम जनप्रतिनिधियों के ज़रिए दबाव बना रही है। कुछ पाटिर्याँ तो जीत का दावा करके अपने विरोधी दलों को उकसा भी रही है जबकि हकीकत यह है कि यह चुनाव शिक्षक संगठनों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का अधिकार है परंतु शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अध्यापकों के अधिकारों और हितों को ताक पर रखकर अपने व्यक्तिगत स्वार्थों को प्राथमिकता दी। नतीजा यह हुआ कि शिक्षकों के संघर्ष और उनके सहयोग से खड़ी हुई संस्थाओं का चिराग बुझता हुआ नज़र आ रहा है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि राजनीतिक दलों के माध्यम से जीतने वाले सांसद और विधायक कभी भी अपनी पार्टी की नीतियों के खिलाफ आवाज़ नहीं उठाते। वे आम सभाओं में वोट हासिल करने के लिए बड़े-बड़े दावे करते है और 'लॉलीपॉप' देकर चुनाव जीतने की कोशिश करते है लेकिन जीत जाने के बाद वे अपने आकाओं के इशारों पर नाचने लगते है।

यदि शिक्षकों ने सही समय पर सही निणर्य नहीं लिया, तो कुछ ऐसा ही मंज़र इस एमएलसी चुनाव में या आने वाले भविष्य में देखने को मिलेगा। राजनीतिक दलों के प्रत्याशी आम शिक्षकों को यह भरोसा दिलाते है कि यदि वे पार्टी के चुनाव चिन्ह पर नहीं जीतेंगे, तो सत्तासीन सरकार उनकी बात नहीं सुनेगी।

यहाँ एक बड़ा सवाल यह उठता हैः क्या अतीत में जब शिक्षक संगठनों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि जीतकर जाते थे, तो क्या वे आपके अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते थे? और क्या उन्हें सफलताएँ नहीं मिलती थीं? निश्चित रूप से मिलती थी लेकिन हाल के चुनावों में शिक्षकों के ज़हन में यह बात बिठाने की कोशिश की जा रही है कि अधिकारों की बहाली के लिए किसी राजनीतिक दल का प्रत्याशी होना अनिवार्य है, तभी पार्टी अपने उम्मीदवार के प्रस्तावों को स्वीकार करेगी और शिक्षकों की समस्याओं का समाधान होगा।

दूसरी ओर, वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि यदि हम किसी निर्दलीय (आज़ाद) प्रत्याशी को जिताकर भेजते है, तो क्या वह समस्याओं का समाधान करवा पाएगा? या फिर वह भी अपनी कुर्सी सुरक्षित रखने के लिए केवल दिलासा और 'लॉलीपॉप' ही देता रहेगा?

विधान परिषद में शिक्षकों से जुड़े मुद्दों को उठाना एक अलग बात है, और उन समस्याओं के समाधान के लिए ज़मीनी संघर्ष करके सफलता के रास्ते तैयार करना बिल्कुल अलग बात है।

इस समय शिक्षक चौराहे (दोराहे) पर खड़े है। यदि वे शिक्षक संगठनों के चुने हुए उम्मीदवारों को वोट देते है, तो लाचारी और बेबसी नज़र आती है कि क्या उनके मुद्दे विधान परिषद में हल हो भी पाएंगे या राजनीतिक पाटिर्याँ अपनी ताकत का ही प्रदर्शन करती रहेंगी? और यदि वे राजनीतिक दलों द्वारा खड़े किए गए प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करते है, तो वे दल की नीतियों और आकाओं के आदेशों के खिलाफ नहीं जा सकते।

हमारा प्रिय भारत देश, जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का ध्वजवाहक है, वहाँ शिक्षकों के अधिकारों की बहाली के रास्ते बंद होते दिखाई दे रहे है। जबकि शिक्षक समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग है; उसे समाज से अलग करके एक बेहतर और आदर्श समाज का निर्माण असंभव है। किसी भी समाज का शिक्षक उसके शैक्षणिक, नैतिक और वैचारिक विकास में मुख्य भूमिका निभाता है। कौशल और नेतृत्व प्रदान करना शिक्षक पर ही निर्भर करता है।

इसके बावजूद, भारत में राजनीतिक पाटिर्याँ अपने-अपने नुमाइंदों को मैदान में उतारकर शिक्षकों के अधिकारों का हनन कर रही है और फिर भी एक अच्छी शिक्षा व सभ्य समाज की उम्मीद रखती है।

इस लोकतांत्रिक देश में शिक्षकों के लिए यह अत्यंत दुखद और विचारणीय स्थिति है कि जो शिक्षक समाज के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल करते है और अपनी शैक्षणिक सेवाओं से एक श्रेष्ठ समाज का निर्माण करते है, वे आज राजनीतिक दलों की तानाशाही के कारण अपने ही भविष्य का निणर्य करने में असहज महसूस कर रहे है।

ऐसी कशमकश और दुविधा के माहौल में शिक्षक क्या करें?

राजनीतिक पाटिर्याँ अब तक आम जनता को बेवकूफ बना रही थीं, अब वे शिक्षकों को भ्रमित करने के प्रयास में है। यह कोई साधारण चुनाव नहीं है, बल्कि शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा का चुनाव है, शैक्षणिक संस्थानों के उज्ज्वल भविष्य का चुनाव है, और वस्तुतः हमारे प्यारे देश के भविष्य का चुनाव है।

राजनीतिक दल का प्रत्याशी जीतकर जाता तो है, लेकिन वह विधान सभा या लोक सभा में जनता और शिक्षकों के दर्द को मुखरता से व्यक्त नहीं कर पाता, क्योंकि पाटिर्यों ने उसकी ज़ुबान पर ताला लगा रखा होता है। कम से कम एक स्वतंत्र (निर्दलीय) प्रतिनिधि निष्पक्ष होकर आपके अधिकारों की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करेगा, विधान परिषद में आपके हकों की निर्भीक लड़ाई लड़ेगा और मूकदर्शक बनकर केवल 'हाँ में हाँ' नहीं मिलाएगा।

इसलिए, उसका साथ दीजिए जिससे आपको उम्मीद है कि उसने अतीत में आपका साथ दिया है और भविष्य में भी देगा। कंधे से कंधा मिलाकर उसके साथ चलिए जो आपके दर्द को महसूस कर रहा है और भविष्य में भी आपके साथ खड़े रहने का आश्वासन दे रहा है। उसके लिए संघर्ष कीजिए जो आपके लिए आज से ही संघर्षरत है।

सभी शिक्षक विद्वान, प्रबुद्ध और बुद्धिजीवी वर्ग से आते है। वही निणर्य लीजिए जो आपकी अंतरात्मा (ज़मीर) कहे।

अंत में, 'शायर-ए- मशरिक़ अल्लामा इक़बाल के शब्दों में बस इतना ही कहूँगाः

दिल की आज़ादी शहनशाही,
शिकम साम्राने मौत

परली न जलाएं किसान, वैज्ञानिक विधि से करें प्रबंधन - डीएम

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर....

कुशीनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन हुआ। डीएम ने किसानों की समस्याओं, फसल क्षतिपूर्ति और खाद-बीज की उपलब्धता की समीक्षा कर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

डीएम ने किसानों से अपील की कि वे पराली को खेतों में न जलाएं, बल्कि वैज्ञानिक विधि से प्रबंधन करें, ताकि मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहे और पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को पराली के उचित प्रबंधन और बिक्री की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

बैठक में खुले में कचरा डंपिंग की शिकायत पर डीएम ने नाराजगी जताई और कहा कि जब एमआरएफ की व्यवस्था है तो अवैध डंपिंग क्यों हो रही है। उन्होंने वैज्ञानिक तरीके से कूड़ा निस्तारण की कार्ययोजना लागू करने को कहा। किसानों ने केले की फसल के नुकसान के बाद भी बीमा क्षतिपूर्ति न मिलने की शिकायत उठाई। इस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए लंबित बीमा राशि का भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद में जल्द ही जिप्सम खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

बढ़नी मेंएन-730 पर खड़ी स्लीपर बस मेंमहिला से दरिंदगी का आरोप, चालक-परिचालक बस छोड़कर फरार,

ओज़ैर खान, ब्यूरो प्रमुख, प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर (बढ़नी): ढेबरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत बढ़नी कस्बे से सटे राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर स्थित बुद्धा ढाबा के सामने खड़ी एक निजी स्लीपर बस (संख्या श्झ 13 ब्ब् 1935) में मानसिक रूप से अस्वस्थ एक असहाय महिला के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किए जाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद आरोपी चालक और परिचालक बस को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए है।स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, घटनास्थल के समीप स्थित एक बगीचे में गैर-प्रांत का एक असहाय परिवार पिछले कुछ दिनों से अस्थाई रूप से रहकर गुजर-बसर कर रहा था। परिवार की महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई जा रही है। मंगलवार देर रात जब परिवार सो रहा था, तभी बस कर्मियों द्वारा महिला को बस के भीतर ले जाकर अनैतिक कृत्य किए जाने का आरोप लगा। कुछ समय बाद जब परिजनों की नींद खुली और उन्होंने महिला की तलाश शुरू की, तो ढाबे के पास खड़ी बस से संदिग्ध आहट मिलने पर वे मौके पर पहुंचे। परिजनों के पहुंचते ही आरोपी मौके से भाग निकले।

वाहन पर अंकित संपर्क विवरण के आधार पर जब इंदौर निवासी बस मालिक संजय शर्मा से दूरभाष पर बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्हें अपने एक कर्मी रवि द्वारा महिला से अभद्रता किए जाने की सूचना मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित कर्मी फरार है और उसका फोन लगातार बंद आ रहा है।

वहीं, इस संबंध में जब थानाध्यक्ष ढेबरुआ चन्द्रकांत पाण्डेय से जानकारी ली गई, तो उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में उन्हें फिलहाल कोई सीधी शिकायत या सूचना नहीं मिली है, पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि घटना के बाद बढ़नी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची थी और पीडि़त पक्ष को लेकर चौकी गई थी।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हाईवे किनारे स्थित ढाबों के आसपास रात के समय खड़ी रहने वाली निजी बसों और संदिग्ध गतिविधियों पर नियमित पुलिस गश्त और निगरानी रखी जानी चाहिए, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति व आपराधिक वारदात से बचा जा सके।

पुलिस स्मृति दिवस पर रिजर्व पुलिस लाइन्स बलरामपुर में शहीदों की शौर्य गाथा का किया गया स्मरण

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। दिनांक 21-10-2026 को 'पुलिस स्मृति दिवस' के अवसर पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहूति देने वाले पुलिसकर्मियों की स्मृति में रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में शोक परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर मार्तण्ड प्रकाश सिंह द्वारा कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर अमर शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति को नमन कर उन्हें पुष्प चक्र/पुष्प व श्रद्धा-सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के द्वारा निर्गत किए संदेश का सभी अधिकारी / कर्मचारियों के समक्ष वाचन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने अवगत कराया कि विगत एक वर्ष के दौरान पूरे भारत वर्ष में कुल 154 वीर पुलिसकर्मियों ने कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी है, जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस के 06 वीर सपूत भी शामिल है। शहीद हुए सभी अधिकारियों / कर्मचारियों के नाम पढ़कर उनकी शौर्य गाथा एवं उनके द्वारा किए गए अदम्य साहस के कार्यों को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ङ'पुलिस का कर्तव्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि सेवा, त्याग और बलिदान की पराकाष्ठा है। जो जवान शहीद हुए है, वे हमारे लिए प्रेरणा है। हमें उनके परिवारों का सम्मान करना चाहिए और उनके अधूरे कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए।' गौरतलब हो कि कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु देश भर के पुलिस बल द्वारा प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को ऊ'पुलिस स्मृति दिवस'ऊ मनाया जाता है। इस अवसर पर ऊअपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी उतरौला / लाइन डॉ0 जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक सिंह, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर अभय प्रताप मल्ल, क्षेत्राधिकारी ललिया देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी यातायात विजय कुमार पाण्डेय, पुलिस उपाधीक्षक अशोक सिंह सहित जनपद के समस्त थाना प्रभारी/ शाखा प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक, पुलिस लाइन के समस्त अधिकारी / कर्मचारीगण द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने दी श्रद्धांजलि

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कर्तव्यपालन के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीदों के अदम्य साहस, शौर्य, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद करते हुए उन्हें नमन किया।कार्यक्रम में शहीद पुलिसकर्मियों के सम्मान में सलामी एवं शोक प्रदर्शन किया गया। एसएसपी ने वीर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की शौर्यगाथाओं का स्मरण करते हुए उनके बलिदान को देश और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के आधिकारिक एंथम 'खाकी का सितारा' का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। यह गीत पुलिस बल के त्याग, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के प्रति समर्पण की भावना को दर्शाता है।1959 के बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है दिवस पुलिस स्मृति दिवस का ऐतिहासिक महत्व 21 अक्टूबर 1959 की घटना से जुड़ा है। लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में चीनी सैनिकों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 10 जवान शहीद हो गए थे। उन्हीं वीर जवानों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। पुलिस ने शहीद पुलिसकर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को सदैव स्मरणीय बताते हुए नागरिकों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनसेवा के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर बबीता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्नातक-शिक्षक निर्वाचन को लेकर डीएम और एसएसपी ने की संयुक्त बैठक, सुरक्षा व्यवस्था के दिए निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। आगरा खंड सनतक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपनन कराने के लिए बुधवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। निर्वाचन तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में अधिकारियों ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पुलिस एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने, निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारियों तथा सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर चर्चा की। डीएम और एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा आपसी समन्वय के साथ कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करें।निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 22 अक्टूबर को पोलिंग पाटिर्यां रवाना होंगी, जबकि 23 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा। इसे देखते हुए अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने, निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने और मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपनन कराने के निर्देश दिए गए।बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर बबीता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चंद्र सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मनाया गया विजयादशमी पर्व

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मोतीझील में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोपाल मोहन शर्मा एवं प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी द्वारा प्रभु श्रीराम के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया।



कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहनों ने विजयादशमी के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संजय दुबे ने भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध तथा माँ दुर्गा द्वारा महिषासुर वध का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि विजयादशमी का पर्व अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। मुख्य अतिथि गोपाल मोहन शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा एवं समाजसेवी ने कहा कि वर्तमान समय में भी सत्य की असत्य पर और अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश प्रासंगिक है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन, परिश्रम, आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर संकुल दिबियापुर में आयोजित संकुल विज्ञान मेले में स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी द्वारा मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी ने सभी भैया-बहनों को विजयादशमी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व हमें असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थिर्यों को अच्छे संस्कार अपनाने तथा राष्ट्रहित में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। अंत में उन्होंने मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु-भगिनी भी उपस्थित रहे। सभी की सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपनन हुआ।

इटावा पुलिस ने तीन बिखरते परिवारों को फिर मिलाया, आपसी सहमति से हुआ समझौताःथाना प्रभारी आकांक्षा सिंह



प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। परिवारों को टूटने से बचाने और आपसी विवादों का समाधान कराने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाया जा रहा परिवार परामर्श केंद्र 'नई किरण' कार्यक्रम सराहनीय पहल साबित हो रहा है। बुधवार को महिला थाना परिसर में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र की सुनवाई के दौरान तीन परिवारों के बीच आपसी सुलह-समझौता कराकर उन्हें फिर से एक सूत्र में बांधने का प्रयास सफल रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर बबीता सिंह सीओ सिटी अवनीश कुमार के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई। परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों एवं पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों की समस्याएं सुनीं और उन्हें समझा-बुझाकर आपसी मतभेद दूर करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद तीनों परिवारों में आपसी सहमति से समझौता कराया गया।समझौता करने वालों में आरती पतने अतुल निवासी अकबरपुर, थाना बसरेहर, फूलन पतने गोविन्द निवासी थाना चौबिया तथा सरिता पतने अजय निवासी थाना इकदिल शामिल है।इस दौरान महिला थाना प्रभारी आकांक्षा सिंह, उपनिरीक्षक बृजेंद्र बहादुर सिंह उपनिरीक्षक कुंज बिहारी, महिला आरक्षी एवं परिवार परामर्श केंद्र के कर्मचारी मौजूद रहे।

सर्पदंश से महिला की हालत बिगड़ी

प्रातः काल एक्सप्रेस

जसवंतनगर। क्षेत्र के नगला रामसुंदर गांव में मंगलवार देर शाम घर के अंदर सोने जा रही 31 वर्षीय ज्योति पतने मनोज को सांप ने काट लिया। सर्पदंश के बाद ज्योति चीखने लगी। उसकी आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे तो उसने सांप के काटने की जानकारी दी। आनन-फानन में परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह की देखरेख में महिला का इलाज जारी है।

गांव में एक दर्जन से अधिक लोग बुखार की चपेट में, डेंगू होने की आशंका

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में डाला डेरा,पांच लोगों के खून सैंपल जांच को भेजे

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अछल्दा ब्लॉक के रुरुकला गांव में एक दर्जन से अधिक लोगों को बुखार से ग्रसित होने से गांव में डर का माहौल है। लोगों में डेंगू बुखार होने की आशंका को लेकर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पांच लोगों के खून की जांच की। हालांकि उनमें डेंगू के कोई लक्षण न मिलने पर राहत की सांस ली। वहीं टीम ने बुखार से ग्रसित मरीजों को निशुल्क दवा वितरित की। जूनियर हाईस्कूल के पास स्थित मोहल्ले में एक दर्जन से अधिक लोगों के बुखार से ग्रसित पाए गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार इनमें से कई लोग काफी दिनों से बीमार हैं और कुछ मरीजों की प्लेटलेट्स कम होने की भी बात कही जा रही है। वहीं कई मरीज निजी डॉक्टरों से उपचार करा रहे हैं, जबकि कुछ का बाहर इलाज चल रहा है। इधर गांव में बुखार के मरीज अधिक होने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में डेरा डाल लिया है। हालांकि ग्रामीणों में उनके प्रति नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का आरोप है कि टीम ने बुखार पीड़ितों को लाल, पीली और नीली गोलियां देकर औपचारिकता पूरी कर दी। उनका कहना है कि मोहल्ले में कई लोग बीमार हैं, ऐसे में व्यापक स्तर पर जांच और मच्छरों से बचाव के लिए कीटनाशक दवाओं के छिड़काव की जरूरत है।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुखार से ग्रसित पांच लोगों के खून की जांच की, हालांकि उनमें डेंगू के कोई लक्षण न मिलने पर उन्होंने राहत की सांस ली है।

जसवंतनगर में अलग-अलग सड़क हादसों में 6 घायल, 2 सैफई रेफर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

जसवंतनगर (इटावा)। थाना क्षेत्र में मंगलवार रात अलग-अलग जगह हुए सड़क हादसों में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दो की हालत चिंताजनक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें सैफई पीजीआई रेफर कर दिया।पहली घटनाः हाईवे पर ग्राम जमुनाबाग के पास नगला महाजीत धनुआ निवासी सनोज कुमार पुत्र सूरज सिंह बाइक से जसवंतनगर जा रहे थे। अचानक सामने आए आवारा गोवंश से टकराकर वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। एंबुलेंस ईएमटी आदित्य यादव और पायलट विजयवीर यादव ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां से सैफई रेफर किया गया।दूसरी घटनाः हाईवे पर ग्राम भावलपुर के सामने खेड़ा बुजुर्ग निवासी कैलाश बाबू (42) पुत्र सूबेदार सिंह साइकिल से गांव लौट रहे थे। पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। बाइक पर एत्मादपुर आगरा निवासी अमन पुत्र संजय कुमार और सिरसागंज निवासी सनी पुत्र श्रीकिशन सवार थे। तीनों घायल हो गए। बताया गया कि सभी जसवंतनगर में रामलीला देखकर लौट रहे थे। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी भिजवाया।अन्य हादसेः हाईवे पर सेंट पीटर्स स्कूल के सामने मलाजनी निवासी ऋतिक पुत्र सुरेंद्र अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गया, जिसे सैफई रेफर किया गया। वहीं सैफई रोड पर नगला नरिया मोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग मोतीलाल पुत्र रामस्वरूप (70) घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

भाजपा के पास जनता के सवालों का जवाब नहीं, पीडीए की एकजुटता सत्ता से करेगी दूरःश्यामलाल पाल

भाजपा कर रही साजिश, मतदान के पूर्व सपा नेताओं को नजर बंद की योजनाःडॉ मानसिंह यादव

प्रातः काल एक्सप्रेस



प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने आज़ पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सत्ता धारी भाजपा के पास जनता के सवालों का जवाब नहीं है। पीडीए की एकजुटता से पूरी तरह घबराई हुई है। बेरोजगारी, पेपर लीक, किसानों की समस्याओं, महंगाई, वोट चोरी, चंदा, दान चोरी आदि मुद्दों पर भाजपाई जवाब देने से कतराते है। जबकि प्रदेश की जनता इन्ही मुद्दों को लेकर भाजपा को सत्ता से दूर करने के लिए तैयार है।

सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने दावा किया कि प्रदेश हो रहे शिक्षक एवं सनतक एमएलसी के चुनाव में सर्वाधिक सीटों पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार विजय श्री हासिल करेंगे। एमएलसी उम्मीदवार डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि भाजपा प्रशासन के सहारे साजिश कर रही है।आरोप लगाया कि मतदान के दिन समाजवादी पार्टी के प्रभावशाली नेताओं को उनके घरों में नजरबंद करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को डराने, धमकाने का प्रयास किया जायेगा। अंदेशा है कि मिल्कीपुर का इतिहास दुहारने की कोशिश की जाएगी।

डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि उनके मुद्दे अडिग है, पेपर लीक रोकने, शिक्षा मित्रों की सम्मानजनक स्थिति, एडवोकेट प्रोटेक्सन एक्ट, अनुदेशकों को मानदेय, वित्त विहीन शिक्षकों को मानदेय, परीक्षा कैलेडर जैसे कार्य सपा सरकार में होंगे। दावा किया कि मतदाताओं का रुझान भी अडिग है। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेख़ार हुसैन, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, हाकिम लाल बिन्द,श्रीमती गीता शास्त्री,संदीप पटेल,पूर्व विधायक हाजी मुजतबा सिद्दीकी, हाजी परवेज अहमद, सत्य वीर मुनन, अमर नाथ मौर्य,प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव एडवोकेट,इंजी जगदीश यादव सहित तमाम नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता बालक मंडलीय टीम का हुआ चयन

इस्लामिया कालेज के अतहर हुसैन स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता



प्रातः काल एक्सप्रेस

